


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 130/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 18 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in



**सुरक्षा चूक मुद्दा गरमाया, लोकसभा-राज्यसभा 2 बजे तक स्थगित**- संसद के शीतकालीन सत्र का आज 11वां दिन है। संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार पांचवें दिन हंगामा हुआ। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कार्यवाही शुरू होते ही 15 मिनट की स्पीच दी।

सांध्यप्रकाश विशेष

## इंदौर में आरएसएस का नया हाईटेक भवन सुदर्शन भवन बनकर तैयार

### संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले करेंगे लोकार्पण

इंदौर। इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ का नया हाईटेक भवन बनकर तैयार हो गया है। नए भवन का नाम सुदर्शन है, जो रामबाग में पुराने भवन




अर्चना के पास ही बनकर तैयार हुआ है। नए भवन का लोकार्पण सोमवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले करेंगे। डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा इसे बनवाया गया है।

राम बाग के पास पंत वैद्य कॉलोनी में ट्रस्ट की भूमि पर यह तीन मंजिला भवन को लेकर समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास हिन्दूजा एवं सचिव राकेश यादव ने बताया कि 13 दिसंबर से चार दिन तक नवनिर्मित भवन सुदर्शन के गृहप्रवेश हेतु वैदिक रीति से मंत्रोच्चार एवं हवन के साथ अनुष्ठान हुए तथा सुन्दरकांड, वास्तु-पूजन एवं मंगल-आरती के साथ भवन का शुद्धिकरण हुआ। सरसंघचालक स्व. कुप्पहल्ली सीतारमैया सुदर्शन के मालवा से जुड़े प्रसंगों के स्मरणार्थ इस भवन का नामांकरण सुदर्शन किया गया है, जो पूर्व में मध्य भारत प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रहे।

### ग्रीन टेक्नोलॉजी पर बना है हाईटेक भवन

कार्यक्रम में संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, मध्य क्षेत्र संघ चालक अशोक सोहनी, मालवा प्रांत संघ चालक प्रकाश शास्त्री की उपस्थिति में होगा। समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास हिन्दूजा ने बताया कि आधुनिक तकनीक और वास्तुशास्त्र के अनुरूप तीन तलों पर निर्मित इस पर्यावरण अनुकूल हरित-भवन में 18 हजार वर्गफुट की तल भूमि पर कुल साठ हजार वर्गफीट के फ्लोर एरिया में स्वागत कक्ष, कार्यालय, रसोईघर, भोजन-कक्ष ,सेमिनार-हाल, बैठक कक्षों के अतिरिक्त 150 लोगों के लिए एकल एवं सामूहिक रहवासी कक्ष व पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था भी हैं। कार्य के व्यापक विस्तार और वर्तमान की आवश्यकतानुसार ही समिति द्वारा जनसहयोग से इस भवन का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में समिति द्वारा आमंत्रित कार्यकर्ता एवं समाज जन उपस्थित रहेंगे।



भारत के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक श्रद्धेय कृष्णानंद ठाकुर द्वारा आयोजित कथा में पद्म विभूषण, चित्रकूट के तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के सानिध्य में बोलते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा, साथ में गुरुजी के उत्तराधिकारी आचार्य स्वामी रामचंद्र दास जी मौजूद हैं।

## इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मलेनः 28 से अधिक देशों से एनआरआई ने लिया हिस्सा



इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मलेन आयोजित किया गया था। जिसमे 28 से अधिक देशों से आए हज्रद्ध ने भाग लिया। कुछ एनआरआई ऑनलाइन भी इस आयोजन का हिस्सा बने। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत कई नेताओं और हस्तियों ने सभी प्रवासी भारतीयों का स्वागत किया। इस सम्मलेन को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है।

इस आयोजन के दौरान महापौर ने कहा कि हम दो साल से इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मलेन आयोजित कर रहे हैं। अब यह हर साल 17 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। मेरा निवेदन है कि दुनियाभर में रहने वाले इंदौरी अपने शहर के विकास में सहयोग करें। महापौर ने आगे कहा कि इंदौर को आईटी सिटी बनाना है और पर्यावरण संरक्षण, सोलर एनर्जी से लेकर तमाम क्षेत्रों में काम करना है। इसमें आप जो भी सहयोग कर सकते हैं करें ताकि हमारा शहर दुनिया में नंबर वन बन सके।

केंद्रीय विदेश और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री मुरलीधरन भी प्रवासी भारतीय सम्मलेन में ऑनलाइन जुड़े। इस दौरान उन्होंने इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव का अभिनंदन किया और कहा कि पिछले साल प्रवासी भारतीय दिवस का जो सम्मेलन जो हुआ था उस समय इंदौर पहुंचने मुझे मौका मुझे मिला था। लेकिन आपके साथ वर्चुअल जुड़कर भी बहुत खुशी हो रही है।

### प्रधानमंत्री ने किया स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन

# एक गरीब परिवार का संबल बनिए, उनकी मदद करिए: मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमवार को काशी दौरे का दूसरा दिन है। पीएम ने उमरहा स्थित स्वर्वेद





महामंदिर का उद्घाटन किया। 20 साल में 100 करोड़ की लागत से यह मंदिर तैयार हुआ है। पीएम मोदी ने 7 मंजिला मंदिर की दीवारों पर उकेरी अद्भुत नक्काशी देखी। फिर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने गरीबी मिटाने के लिए लोगों से आग्रह किया कि कम से कम एक गरीब परिवार का संबल बनिए, उनकी मदद करिए। उन्होंने लोगों को 9 संकल्प दिलाए।

प्रधानमंत्री ने कहा- गुलामी के कालखंड में जिन अत्याचारियों ने भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने सबसे पहले हमारे प्रतीकों को ही निशाना बनाया। आजादी के बाद इन सांस्कृतिक प्रतीकों का रेनोवेशन जरूरी था। लेकिन, दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के रेनोवेशन तक का विरोध किया गया और ये सोच दशकों तक देश पर हावी रही। पीएम का स्वर्वेद से भावनात्मक लगाव है। वह 2021 में भी यहां आए थे। पीएम की मां हीराबेन भी विहंगम योग संत समाज की अनुयायी थीं।

### 7 दशक बाद समय का चक्र एक बार फिर घूमा

पीएम ने कहा कि आजादी के 7 दशक बाद आज समय का चक्र एक बार फिर घूमा है। देश अब लालकिले से गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और अपनी विरासत पर गर्व की घोषणा कर रहा है। जो काम सोमनाथ से शुरू हुआ था, वो अब एक अभियान बन गया। आज काशी में विश्वनाथ धाम की भव्यता भारत के अविनाशी वैभव की गाथा गा रही है।

मोदी ने कहा- आज महाकाल महालोक हमारी अमरता का प्रमाण दे रहा है। केदारनाथ धाम विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बुद्ध सर्किट का विकास करके भारत एक बार फिर दुनिया को बुद्ध की तपोभूमि पर आमंत्रित कर रहा है। देश में राम सर्किट के विकास के लिए भी तेजी से काम हो रहा है और अगले कुछ सप्ताह में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी पूरा होने जा रहा है।







# विधानसभा में नए विधायकों की शपथ

## नरेंद्र सिंह तोमर निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने जाएंगे, विपक्ष की सहमति

भोपाल। मध्यप्रदेश में 16वीं विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। चार दिन चलने वाले इस सत्र में विधायकों को शपथ दिलाई जा रही है। इसी बीच नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। वे निर्विरोध चुने जाएंगे। उन्हें विपक्ष का साथ मिल गया है। विधानसभा अध्यक्ष का चयन 20 दिसंबर को होगा। प्रोटेम स्पीकर उन्हें शपथ दिलाएंगे। आज सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उनके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शपथ ली। पांचवें नंबर पर शिवराज सिंह ने शपथ ली। मुरैना जिले के सबलगढ़ से भाजपा विधायक सरला रावत शपथ लेने में कई बार अटकीं। वे पढ़ नहीं पा रही थीं। सुरक्षाकर्मी ने उनकी मदद की।





### मुख्यमंत्री बोले-विपक्ष की सकारात्मक सोच का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, आज 16वीं विधानसभा के सत्र का पहला दिन है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज सत्ता पक्ष-विपक्ष ने मिलकर नए विधानसभा अध्यक्ष का नामांकन दाखिल किया है। मैं विधायक दल के नेता के नाते विपक्ष की सकारात्मक सोच का स्वागत करता हूं। विपक्ष इसी तरह अपना रचनात्मक सहयोग दे। हम प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे।

### शिवराज सिंह ने कहा- मामा का रिश्ता प्रेम का है

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा की। महिलाओं के रोने को लेकर शिवराज सिंह ने कहा- भाई बहन के रिश्ते हों, मामा या भांजे के रिश्ते हों, मैंने पहले भी कहा है कि भाई का रिश्ता विश्वास का है और मामा का रिश्ता प्रेम का है। ये जो संबंध हैं, वो स्वाभाविक हैं। ये एक फेज होता है, धीरे-धीरे लोग इसको भूल जाते हैं लेकिन संबंध रहेंगे।

### तोमर के नाम पर विपक्ष की सहमति



पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव व अन्य भाजपा विधायकों के साथ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे। विपक्ष ने उनका समर्थन कर दिया है, इसलिए तोमर निर्विरोध स्पीकर चुने जाएंगे।



### नेहरू की तस्वीर हटाकर आंबेडकर की तस्वीर लगाई

मध्य प्रदेश विधानसभा में आज विधायकों का शपथ ग्रहण जारी है। इस बीच आसंदी के पास लगी तस्वीरों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला यहां जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर की जगह डा. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लगाई गई।

### सीधी विधायक रीति पाठक ने संस्कृत में ली शपथ

सीधी से पहली बार विधायक चुनी गईं रीति पाठक ने संस्कृत में शपथ ली। पाठक दो बार सांसद रह चुकी हैं। दमोह जिले के जबेरा से भाजपा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी और मऊगंज से दूसरी बार भाजपा के विधायक प्रदीप पटेल ने भी संस्कृत में शपथ ली।

### सदन में सकारात्मक बहस होः उमंग



उमंग सिंघार ने नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में पहुंचकर महाकाल की पूजा की। इसके बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष व अपनी बुआ स्वर्गीय जमुना देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बातचीत में कमलनाथ के विधायक दल की बैठक में शामिल न होने पर उन्होंने कहा, वे विदेश में हैं, इसलिए नहीं आ पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा जनहित के मुद्दे सदन में उठाए जाएं और सदन में सकारात्मक बहस हो।

### पहले नंबर मोहन, चौथे नंबर की सीट पर बैठे शिवराज

विधानसभा में बनाई गई बैठक व्यवस्था में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान चौथे नंबर पर बैठे हैं। सबसे पहले नंबर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, दूसरे नंबर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, तीसरे नंबर पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल बैठे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 117वें नंबर की सीट पर बैठे हैं। सबसे अंत में 230 नंबर की सीट पर उदयपुरा से बीजेपी विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल बैठे हैं।

# मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी मिल गई है। रविवार शाम को दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर इस पर मंथन हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में करीब एक घंटे चली बैठक में मंत्रिमंडल के चेहरों को लेकर चर्चा की गई। केबिनेट मंत्रियों को कल शाम को शपथ दिलाई जा सकती है।

बीजेपी सूत्रों के मुताबिक नए चेहरों के साथ कुछ पुराने चेहरों को भी मंत्रिमंडल में जगह देने पर सहमति बनी है। सांसद से विधायक बने प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, रीति पाठक के साथ ही कैलाश विजयवर्गीय को मंत्री बनाया जा सकता है। पहली बार में संभवतः 18 से 20 मंत्री शपथ ले सकते हैं।

रविवार रात को मध्य प्रदेश के मोहन यादव



मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले चेहरों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर बैठक हुई। इसमें बाद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस बैठक की खास बात ये रही कि मंत्रिमंडल के गठन की इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को नही बुलाया गया। जबकि, मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा के अलावा नरेंद्र तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। बताते हैं कि बैठक में देर रात तक हुए मंथन के बाद करीब 30 नाम तय हुए। लेकिन, इनमें से अभी कितने मंत्रियों को 19 दिसंबर को शपथ दिलाई जाएगी अभी कहा नहीं जा सकता। कुछ संभावित मंत्रियों के नाम सामने आए हैं।

बैठक में संगठन की ओर से राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी शामिल हुए। लेकिन, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का बैठक से गायब रहना चर्चा का मुद्दा बना। यह नही कहा जा सकता कि वे अपनी मर्जी से बैठक में नहीं गए। वास्तव में तो उन्हें बुलाया नहीं गया।

# शिवराज को नड्डा ने बुलाया, नई जिम्मेदारी संभव

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार शाम दिल्ली जाएंगे। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। चुनाव रिजल्ट के बाद शिवराज का यह पहला दिल्ली दौरा होगा।

पिछले दिनों नड्डा ने शिवराज की नई भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा था, हम इनके कद के अनुसार काम देंगे। इनके अनुभव का अच्छे तरीके से उपयोग करेंगे। माना जा रहा है कि पार्टी ने शिवराज की नई भूमिका तय कर ली है। नड्डा उनसे इसी बारे में चर्चा करेंगे।




आज शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा में शपथ ली। दिल्ली जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बुलाया है। मैं उनसे मिलने जा रहा हूं। कल क्या चर्चा हुई? मेरी जानकारी में नहीं है।

# 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का कायाकल्प कर दिया: रामेश्वर

## विकसित भारत संकल्प यात्राः तूमड़ा, पाटनिया एवं संत नगर में कार्यक्रम आयोजित

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन पहुंचाने व लाभान्वितों को जोड़ने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा पूरे देश में %विकसित भारत संकल्प यात्रा% निकाली जा रही है। इसी तारतम्य में रविवार को हुजूर विधानसभा के तूमडा एवं संत हिरदाराम नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने लाभान्वितों के साथ उपस्थित नागरिकजनों को संबोधित कर यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के हर गरीब को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का उत्कृष्ट प्रयास विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से किया है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजना की पहुँच ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। अब मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव गांव और मोहल्ले पहुंच रही है । मोदी सरकार ने पिछले नौ साल में हर व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए तमाम पहल की हैं। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार का प्रयास है कि कोई भी गरीब झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर ना हो, सबके पास पक्की छत हो, पक्का घर हो। पिछले 9 साल में केंद्र सरकार 4 करोड़ से ज्यादा घर बना चुकी है। आज नरेन्द्र मोदी जी ने उज्ज्वला, आयुष्मान एवं अन्न योजनाओं आदि से देश के हर गरीब, पिछड़े, आवासहीन व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है।



विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज जो पात्र लोग सरकार की योजनाओं के लाभ के लिए आगे आए हैं उन्हें बधाई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि हम सभी लोग ज्यादा से ज्यादा विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जानकारी दें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।





## मां आशापुरा दरबार के निशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ

श्री मां आशापुरा दरबार द्वारा सुश्री गीता माताजी की निश्रा एवं निर्देशन में आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ आदर्श सिंधु समाज झूलेलाल मंदिर कोहेफिजा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 1008 महंत राम प्रवेश दास, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं पूर्व महापौर आलोक शर्मा, श्रीमती प्रियंका मिश्रा (क्षेत्रीय पार्षद) मौजूद रहे।

## युवा सिंधी मंच द्वारा रामधुनी और भण्डारें का आयोजन 21 को होगा

**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर की सामाजिक संस्था युवा सिन्धी मंच द्वारा प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी ब्रहमलीन संत शिरोमणी हिरदाराम साहिब की 17वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम श्रृद्धापूर्वक मनाया जायेगा। मुख्य मार्ग पेट्रोल पंप के पास आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले संत हिरदाराम साहिब के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने बताया कि संस्था द्वारा लगातार 2007 से पुण्यतिथि पर कार्यक्रम किया जा रहा है। इस साल भी सुबह 11 से 12 बजे तक रामधुनी और उसके बाद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भण्डारा किया जाएगा।



**भोपाल। दक्षिण पश्चिम विधानसभा से विधायक भगवानदास सबनानी आशीर्वाद लेने संत जी की कुटिया पहुंचे। इस अवसर पर भगवान दास सबनानी के साथ भाजपा नेता विनय दादलानी जीतू बेलानी हितेश दयारामणि दीप झूरानी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।**

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में साहित्यिक सप्ताह फेस्ट लिटरेरियो 2.0 के अंतर्गत



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की लिटरेरी कमेटी एवं भाषा विभाग द्वारा दिनांक 12 दिसंबर 2023 से 16 दिसंबर तक फेस्ट लिटरेरियों 2.0 का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरामहाविद्यालयीन स्तर पर स्टैंड अप मिमिक्री, सोलो एक्ट, वाद विवाद, काव्य पाठ, वक्तृता, भाषण, निबंध एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंतरमहाविद्यालयीन स्तर पर वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल के करीब 34 प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य एवं भाषा के प्रति रूचि जागृत करना था। फेस्ट लिटरेरियों 2.0 के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश गाबा प्रिंस, वरिष्ठ पत्रकार एंकर एवं राइटर एवं श्रीमती तारा चेत्तूर मेनन, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक सहित महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, डॉ. नेहा गुप्ता, विभागाध्यक्ष, भाषा विभाग, एवं कार्यक्रम संयोजक, डॉ. शशि किरण यादव, सहायक प्राध्यापक हिन्दी विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। ज्ञात हो कि पूर्व में भी लिटरेरी कमेटी एवं भाषा विभाग द्वारा लिटरेरियों 1.0 का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने अपने स्वागतीय उद्बोधन में इस सफल आयोजन हेतु लिटरेरी कमेटी एवं भाषा विभाग को हार्दिक बधाई दी। उन्होने कहा कि हम सब विशिष्ट है। सभी अपनी क्षमताओं को पहचानें। जीवन में हम प्रतिदिन कुछ नया सीखते है, यह एक स्वभाविक एवं निरंतर प्रक्रिया है। जापान की विभिन्न प्रसिद्ध तकनीकों पर बात करते हुए उन्होने कहा कि आप जो कार्य करें उसे पूर्ण करने में अपना सौ फीसदी योगदान दे। अपने ज्ञानकोश को समृद्ध बनाये।

मुख्य अतिथि श्री राजेश गाबा प्रिंस ने कहा कि बुलंदियों पर पहुंचना ही कमाल नहीं होता, बुलंदियों पर बने रहना भी कमाल होता है। भाषण और वाद- विवाद दोनो विधाओं में अंतर होता है। कोई भी व्यक्ति अपने आप में सर्वगुण सम्पन्न नहीं होता। एक अच्छा वक्ता होने के साथ एक अच्छा श्रोता होना भी जरूरी है। वाद- विवाद के प्रमुख बिंदुओं को समझाते हुए उन्होने कहा कि विषय आधारित रिसर्च अवश्य करे। भाषा पर बात करते हुए उन्होने भाषा का सही उपयोग, प्रभावशीलता एवं सरलीकरण पर बात की।

मुख्य अतिथि श्रीमती तारा चेत्तूर मेनन ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ आत्मविश्वास होना भी महत्वपूर्ण है विषय पर अपने विचार रखते समय अध्ययन अवश्य करे।

अंतरमहाविद्यालयीन वाद- विवाद प्रतियोगिता का विषय ''क्या मौद्रिक सहायता सार्वजनिक नीति का हिस्सा होनी चाहिए'' था जिसमें पक्ष में प्रथम स्थान कु. गौरी कनबुलकर, आइपर कॉलेज; द्वितीय स्थान कु. रूचि मालवीय, एसएचजीसी कॉलेज; तृतीय स्थान कु. नमीरा फातमा, करियर कॉलेज; एवं सांत्वना पुरस्कार श्री साहिल नामदेव, वीएनएस कॉलेज; और विपक्ष में प्रथम स्थान कु. प्रिंसी पहलवानी, एसएचजीसी कॉलेज; द्वितीय स्थान कु. श्रद्धा जैन, एमएलबी कॉलेज; तृतीय स्थान कु. कृतिका माहेजा, आइपर कॉलेज; एवं सांत्वना पुरस्कार कु. रिया जेम्स, एक्सीलेंस कॉलेज ने प्राप्त किया।

## भगवानदास सबनानी की जीत पर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने आयोजित किया अभिनंदन समारोह

**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी सेंट्रल पंचायत भोपाल द्वारा रविवार को सनसिटी गार्डन में दक्षिण पश्चिम विधान सभा क्षेत्र से जीत प्राप्त कर विधायक बने भगवानदास सबनानी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल शहर की समस्त मोहल्ला पंचायतए सिंधी मेला समिति व अनेक सामाजिक संगठनों ने सबनानी का हार फुल मालाओं से भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष भगवानदेव ईसराणी ने इस अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधी समाज के लिए यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि हम सबका साथी इस चुनाव में प्रचंड जीत प्राप्?त कर विधान सभा पहुँचा हैए सबनानी की जवाबदारी समाज के प्रति और भी बढ़ गई है, क्योंकि जो घोषणाएं भाजपा सरकार ने प्रदेश में रह रहे सिंधी समाज के लिए की है उन्हें जल्द से जल्द सबनानी को ही पूरा करवाना है। इस अवसर पर सबनानी ने उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सब के आशीर्वाद एवं प्राथनाओं का ही परिणाम है जो आप में यह चुनाव जीत कर आया हूँ, आप सब का विश्वास को मैं सार्थक बनाऊँगा, पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपना कार्य करूँगाए आज इस मंच के माध्यम से मुझे जो भी जिम्मेदारियों का एहसास करवाया गया है इन जिम्मेदारियों का एहसास में कई वर्षों पहले से हैए मेरा इतिहास गवाह है जब जब सिंधी समाज पर कोई भी विपत्ति आई है मैं सदैव आपके साथ खड़ा थाए खड़ा हूँए और खड़ा रहूँगाए यह मेरी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जयकिशन लालचंदानी, विष्म्बरलाल राजदेवए डॉ. परमाननंद राजानीए आनंद सबधानी, हरीश नागदेव, मोहनलालवानी, मनीष दरयानी, संतोष बजाज, रवि आनंद, महेश बजाज सहित समाज के गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का मंच संचालन कविता इसरानी द्वारा किया गया।

## विवाह पंचमी पर रामचरित मानस चैपाईयों से किया हवन



**संत हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति द्वारा माँ काली मंदिर हलालपुर पर एक माह से चल रही रामचरित मानस पाठ रविवार को सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, समिति के अर्चक पुरोहित पंडित राजकुमार गर्ग द्वारा रामचरित मानस की चैपाईयों का जाप कर हवन सम्पन्न करवाया। समिति के अर्चक पुरोहित पंडित राजकुमार गर्ग ने बताया कि विवाह पंचमी पर प्रभु श्री सीताराम का विवाह हुआ था इस दिन जो भी रामचरित मानस की चैपाइयों से हवन करता है उसकी वैवाहिक जीवन सुखमय बीतता है। कार्यक्रम के अंत में हनुमान महाराज की आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। इसके बाद समिति के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नरेन्द्र टहिलयानी एवं सचिव गुरदास रामचंदानी को गमछा पहनाकरए नियुक्ति पत्र के साथ हार फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महेश दरयानी, नरेन्द्र टहिलानी, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव जगदीश सावले, राजकुमार धानुक, गुरदास रामचंदानी, विष्णु नाथानी, अनिल शर्मा, खेमचंद निहचलानी, प्रियांशु तेजवानी, आयुष शर्मा आदि उपस्थित थे।

### बजरंग सेना समिति के टहिलयानी उपाध्यक्ष, रामचंदानी सचिव बने

## विजय दिवस पर 3 ईएमई सेंटर में हुई विजय रन

भोपाल। विजय दिवस पर बैरागढ़ की सुंदर आबोहवा में स्थित भारतीय सेना के 3 ईएमई सेंटर में सदर्न स्टार विजय रन% नामक मिनी मैराथन के आयोजन के साथ विजय दिवस मनाया गया। सैनिक के लिए दौड़ सैनिक के साथ दौड़ विषय पर आधारित इस मिनी मैराथन का उद्देश्य भारतीय सेना और नागरिकों, खासकर युवाओं के बीच मेलभाव को और सशक्त करना। प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को देश विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन 1971 में भारत- पाक युद्ध में हमने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। यह दिन प्रत्येक भारतीय, विशेषतः प्रत्येक सैनिक को याद दिलाता है उन यशस्वी पलों की जिनमें हमारे यो?द्धाओं ने जान पर खेलकर यह निर्णायक जीत प्राप्त की थी और जिस में कइयों ने भारत माता के चरणों में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन सैनिको की वीरता और समर्पण सभी देशवासियों को गौरवान्वित करता है और यह कृतज्ञ राष्ट्र अपनी सेनाओं के इस निस्वार्थ बलिदान को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर औपचारिक रूप से स्मरण करता है। ब्रिगेडियर एस एस छिल्लर, सेना मेडल, कार्यवाहक जी ओ सी, पश्चिम मध्य प्रदेश सब एरिया और ब्रिगेडियर भूपिंदर सिंह कंग, कमांडेंट, 3 ईएमई सेंटर ने इस मिनी मैराथन को झंडी दिखा कर रवाना किया। इसमें महिलाओं, बच्चों और पूर्व सेनानियों सहित सेवारत सैनिको और आम जनता की भरपूर भागेदारी रही।

## गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने की पहल

# भोजपाल महोत्सव मेला समिति ने वितरित किए एक हजार कम्बल



**भोपाल।** भेल जनसेवा समिति द्वारा आयोजित भोजपाल महोत्सव मेला टीम द्वारा रविवार को गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया गया। मेला समिति द्वारा गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में 5 जगहों पर 1000 कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर अमराई शनि मंदिर के पास, बागसेवनिया नहर के पास, जाटखेड़ी मल्टी, दीक्षा नगर और बागमुगालिया पुरानी बस्ती में लोगों को कम्बल बांटा गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता और मेला संयोजक विकास वीरानी, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री हरीश कुमार राम रहे। बता दें कि भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा लगातार सामाजिक और समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम और आयोजन किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को कम्बल वितरण किया गया। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि आने वाले रविवार को भी अलग-अलग जगहों पर कम्बल का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर महेंद्र नामदेव, नरेश लश्करी (पिन्टू भाई), विनय सिंह, केश कुमार शाह, राहुल सिंह बांके, संदीप, श्रीराम विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुमित रघुवंशी सहित मेला टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने कोई समझौता नहीं किया जाएगा: डॉ.मोहन यादव

### साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है तो प्रभावी कार्रवाई की जाए

### कलेक्टर्स भविष्य के प्रोजेक्ट को देखते हुए सरकारी जमीन आरक्षित करें

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरन्तर मॉनीटरिंग की जायेगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिये बेहतर निर्णय लिये जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि वे भविष्य के प्रोजेक्ट को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का झोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक एवं संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 25 हजार की आबादी प्रतिदिन कवर की जायेगी। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शासन द्वारा बनाई गई योजना की जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जायें। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें।

**मांस एवं मछली विक्रेताओं के लिये मार्केट विकसित करें:** मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि खुले में बेच रहे मांस एवं मछली वालों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मांस एवं मछली विक्रेताओं के लिये सभी जगह मार्केट विकसित किये जायें, जिससे सड़क पर मांस एवं मछली बेचने की नौबत नहीं आये। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है, तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में झोन को मजबूत करें। साथ ही जनप्र-तिनिधियों को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जायेगी। थानों का रिव्यू किया जायेगा, जिससे उनकी उपयोगिता एवं सार्थकता सिद्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित डेसीबल से ज्यादा की ध्वनि पर बजने वाले लाऊड स्पीकरों पर कार्रवाई जारी रहे। डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जायेंगी, जो अच्छे कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का उपयोग समाज-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जायेगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिये, लेकिन साथ ही कहा कि इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि दताना एवं मुल्लापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाये। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। अत: लोगों को समझाइश दी जाये कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाये। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि नये निर्माण कार्य करने के लिये पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाये। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि जितने भी निर्माण कार्य हैं, जिनमें दो विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता है, वहां वे मॉनीटरिंग कर बेहतर समन्वय स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर्स विधायकगणों की समस्याओं और उनके विषयों का निराकरण प्राथमिकता से करें।मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विकास का एजेण्डा सबसे पहले है। बैठक में विधायकों ने सड़क और भवन निर्माण का मुद्दा उठाया। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।






## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारी

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उनके दिल्ली प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश भवन में दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी, संगठन महामंत्री स्वामी कंचन गिरी जी, कोषाध्यक्ष श्रीमंत धीरेंद्र पुरी जी और कोतवाल महंत मंगलदास जी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को श्रीरामजी की प्रतिमा और शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संतों की बधाई स्वीकार करते हुए सभी संतों को मध्यप्रदेश आने का न्योता दिया।

## गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा: शुक्ल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन और गौमाता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की। उन्होंने बसामन मामा का पूजन-अर्चन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर में सघन वृक्षारोपण के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने सभी पेड़ों को जीवित और सुरक्षित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऑफिस निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें और टमस नदी से गौ वन्य विहार तक पानी की व्यवस्था का कार्य करें। गौवंश से निर्मित होने वाली बर्मी खाद, सफाई के उपयोग में गौमूत्र से बनने वाले गोनाइल तथा अन्य उत्पादित सामग्री के शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में विक्रय का प्रबंधन और विभागों से एमओयू करायें ताकि यहां के उत्पाद की माँग और बिक्री बढ़ें। गौवंश वन्य विहार की आमदनी के स्त्रोत बढ़ें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समीप स्थित पूर्वा फ़ॉल में सैलानियों की भीड़ रहती है। अब वह गौवंश वन्य विहार भी आयें ऐसी व्यवस्थायें करें। श्री शुक्ल ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक बड़ा गौवंश वन्य विहार के लिये पर्याप्त जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के बेसहारा गौवंश के संरक्षण प्रयासों में तेजी आये। बैठक में कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**अहेरा पर्यटन जोन में चीतों की मौजूदगी से अब पर्यटक चीतों को देख सकेंगे:** मुख्य वन संरक्षक सिंह परियोजना, शिवपुरी ने बताया कि दो नर चीता अग्नि और वायु को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के पारोंद वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ा गया। दोनों चीते पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। पारोंद वन क्षेत्र अहेरा पर्यटन जोन के अंतर्गत है।




उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने राज टीवी एवं फिल्म मेकर्स की वेब सीरीज हेलो दद्दू के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर वेब सीरीज के निर्मात अनिल श्रीवास्तव राज व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए है। गरीब का जीवन स्तर उठाने के साथ गरीब कल्याण की योजनाओं को हर वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा पंचायत स्तर तक निकाली जाएगी और एलईडी के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर वंचितों को हितलाभ प्रदान करने के लिए कार्य किया जा रहा है। भाजपा के सभी सांसद, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हों और वंचितों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को संबोधित करते हुए कही।




प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर किए गए वर्चुअली संबोधन को भी सुना। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र में निकलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा को पन्ना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अलग-अलग जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पन्ना में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा शासकीय स्तर पर आयोजित की जा रही है, लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने और वंचितों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ दिलाने के लिए भाजपा के सभी सांसद, विधायक से लेकर जिला व मंडल स्तर तक के पदाधिकारी यात्रा में शामिल हों। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास हुआ है।

यह यात्राएं सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय क्षेत्रों में भ्रमण करेंगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले देश में चेहरे देखकर योजनाएं बनती थीं और उन योजनाओं में भी जमकर बंदरबांट होती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते साढ़े नौ वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच और योजनाओं से देश में जो वातावरण बनाया है, वह किसी से भी छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर आगे बढ़ रही है।

## टीकमगढ़ में अतिरिक्त 160 एमव्हीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर



**भोपाल।** एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 के.व्ही. सब-स्टेशन टीकमगढ़ में अनुमानित लागत 5 करोड़ 77 लाख रूपये से 160 एमव्हीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। एम.पी. ट्रांसको टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता श्री आर.पी. कान्यकुब्ज ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जतारा, दिगोदा, बुढैरा, टीकमगढ़, बड़ा मलहरा एवं पृथ्वीपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा। अब उन्हें उचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। ट्रांसफार्मर के प्रारंभ हो जाने से टीकमगढ़ सब-स्टेशन की क्षमता बढ़कर 540 एमव्हीए की हो गई है। जिले की कुल ट्रांसफार्मेशन केपेसिटी बढ़कर 793 एमव्हीए की हो गई है। जिले में एम.पी. ट्रांसको अपने 5 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है। एम.पी. ट्रांसको प्रदेश में 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है, जिसमें 400 के.व्ही. के 14, 220 के.व्ही. के 88 एवं 132 के.व्ही. के 214 सब-स्टेशन क्रियाशील हैं।

# पटवारी कल करेंगे पदभार ग्रहण, दिल्ली में राहुल गांधी से की भेंट

### मालवांचल से निकाले दोनों चेहरे, विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद पार्टी में किया बड़ा फेरबदल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





मध्य प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार 19 दिसंबर को पार्टी मुख्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर बैरागढ़ से प्रदेश कार्यालय तक रैली निकाली जाएगी। इसमें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी उपस्थित रहेंगे। यहां वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में वे पदभार ग्रहण करेंगे। उधर, तीनों नेताओं ने रविवार को राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से दिल्ली में भेंट की। इसके बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मध्य प्रदेश के कांग्रेस परिवारजनों में असीम उत्साह है। हम सभी का स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद लेकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। कांग्रेस के विचारधारा को जन-मन तक पूरी शिद्दत से पहुंचाएंगे। वहीं, प्रदेश संगठन ने पार्टी द्वारा उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उप नेता मनोनीत किए जाने सूचना विधानसभा सचिवालय को भेजी है। नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट मंत्री के समान सुविधाएं मिलती हैं।

विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के 12 दिन बाद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने मध्य प्रदेश में बड़ा फेरबदल किया था। इसमें कमल नाथ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया। उनके स्थान पर अब जीतू पटवारी नए अध्यक्ष होंगे। जीतू पटवारी को तत्काल प्रभाव से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उमंग सिंघार को सीएलपी लीडर और हेमंत कटारे को मध्य प्रदेश का उपनेता बनाया गया है। कांग्रेस में इस बदलाव को लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के हिसाब से भी देखा जा रहा है।

कमल नाथ और दिग्विजय युग की समाप्ति करते हुए 30 वर्ष बाद पार्टी ने पीढ़ी परिवर्तन को अंजाम दिया है। 77 वर्ष के कमल नाथ को हटाकर कांग्रेस ने 49 साल के जीतू पटवारी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और आदिवासी कार्ड खेलते हुए उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष के पद पर बिठाया है। ये दोनों चेहरे मालवांचल से निकाले गए हैं। ग्वालियर-चंबल को साधने के लिए ब्राह्मण चेहरा हेमंत कटारे को उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस पराजय की जिम्मेदारी तय करके कमल नाथ को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाएगी। इस बारे में कमल नाथ ने ट्वीट कर नवनियुक्त नेताओं को शुभकामनाएं तो दीं, लेकिन स्वयं को हटाए जाने पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

बता दें कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 66 सीटों पर सिमट कर रह गई है। चुनाव में इस तरह की पराजय के बाद दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हार की समीक्षा हुई थी।

समीक्षा बैठक में कमल नाथ, रणदीप सिंह सुरजेवाला, दिग्विजय सिंह सहित सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद से ही लगातार कयास लगाए जा रहे थे कि मध्य प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन होगा। राहुल के करीबी माने जाते हैं जीतूजीतू पटवारी दो बार के विधायक रहे हैं। वे पहली बार 2013 में राऊ विधानसभा सीट से 14वीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। 2018 में दूसरी बार विधायक चुने गए। वे वर्तमान में कांग्रेस सचिव और गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हैं। इस विधानसभा चुनाव में राऊ सीट पर चुनाव लड़े जीतू पटवारी को भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा ने हराया है। जीतू पटवारी राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं। कमल नाथ सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे जीतू पटवारी 2018 के चुनाव में मीडिया विभाग के अध्यक्ष और इस विधानसभा चुनाव में कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए गए थे। पटवारी को तेजतर्रार नेता माना जाता है। वे अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं।

मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं और उनका पूरा प्रदेश घूमा हुआ है। उधर, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और नेता प्रतिपक्ष रही स्व. जमुना देवी के भतीजे आदिवासी नेता उमंग सिंघार चार बार के विधायक है। 2018 से 2020 तक वे वन मंत्री रहे। धार जिले के गंधवानी विधान सभा क्षेत्र से सिंघार इस बार चौथी बार चुने गए हैं।

स म्पा द की य

# मध्यप्रदेश कांग्रेस में नया दौर




मध्यप्रदेश कांग्रेस में क्या ठेकेदारी का दौर खत्म हो पाएगा? और क्या बुजुर्ग नेताओं का पट्ठावाद चलता रहेगा? और भी तमाम सवाल उठ रहे हैं, जिनका जवाब आना बाकी है। फिलहाल कांग्रेस में नये दौर की शुरुआत तो हो गई है। उम्रदराज नेता जिस तरह से कुंडली मारकर बैठे थे और पार्टी को लगातार बर्बाद करने पर तुले हुए थे, हाईकमान अचानक जागा, हिम्मत दिखाई और फेरबदल कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ इस्तीफा देने तैयार नहीं थे, उनकी तरफ से इस खबर का खंडन भी करवाया गया था कि हाईकमान ने उन्हें इस्तीफा देने को कहा है।

जैसे ही दिल्ली से मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति का पत्र जारी हुआ, केवल कांग्रेस ही नहीं भाजपा में भी आश्चर्य प्रकट करने का दौर शुरू हो गया। कमलनाथ चाह रहे थे के वे लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष बने रहें। लेकिन हाईकमान ने शायद सही ही सोचा, कि पिछली बार भी कांग्रेस को केवल एक ही सीट मिली थी। और कमलनाथ-दिग्विजय की जोड़ी ने विधानसभा में कौन सा चमत्कार कर दिया। कांग्रेस की बुरी हार के लिए ये दोनों ही जिम्मेदार माने जा रहे हैं। कम से कम कांग्रेस में तो इस परिवर्तन को लेकर सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है।

राजनीति में अक्सर एक तीर से कई निशान साधे जाते हैं। कहीं न कहीं यहां भी ऐसा ही नजर आ रहा है। कांग्रेस नेतृत्व ने एक तो युवा नेतृत्व को अंततः कमान सौंपी। और दूसरे जातिगत से लेकर क्षेत्रीय समीकरण भी साधने की कोशिश की है। युवाओं में भी विशेषता ये है कि तीनों ही आक्रामक तेवर वाले माने जाते हैं। राहुल गांधी कुछ दिनों से लगातार ओबीसी की बात करते रहे हैं, अब उन्होंने ओबीसी को ही मध्यप्रदेश कांग्रेस की कमान सौंप दी है। जीतू पटवारी ओबीसी वर्ग से हैं और मध्यप्रदेश में संघ और भाजपा के गढ़ माने जाने वाले मालवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

हालांकि मालवा-निमाड़ में ओबीसी-आदिवासी नेताओं को साधने का प्रयोग कांग्रेस का नया नहीं है। 25 बरस पहले भी ये फार्मूला कांग्रेस लागू कर चुकी है। एक बार फिर सत्ता में वापसी के लिए उसी फार्मूले पर शीर्ष नेतृत्व ने दांव लगाया है। उस समय मालवा-निमाड़ में कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे सुभाष यादव को आगे बढ़ाया गया था। यादव सांसद रहे साथ ही 1993 से 2008 तक कसरावद विधानसभा से विधायक भी चुने गए। इस बीच वे डिप्टी सीएम भी बने। वहीं मालवा-निमाड़ में कांग्रेस की मुखर नेत्री रही जमुना देवी आदिवासी वर्ग से आती थी। जमुना देवी राज्यसभा सदस्य, डिप्टी सीएम, विधायक, मंत्री और नेता प्रतिपक्ष भी रहीं। वे पार्टी में आदिवासी वर्ग का बड़ा चेहरा थी। 1993 में जब कांग्रेस मध्यप्रदेश में सत्ता में आई तो दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री बने और डिप्टी सीएम सुभाष यादव के साथ ही छत्तीसगढ़ से प्यारेलाल कंवर को बनाया गया था।

इसके बाद जब दिग्विजय सिंह ने 1998 में दोबारा सत्ता में वापसी की तो मालवा-निमाड़ के सुभाष यादव (ओबीसी) और जमुना देवी (आदिवासी) को जातीय संतुलन को देखते हुए डिप्टी सीएम बनाया। तब पहली बार कांग्रेस ने ओबीसी और आदिवासी नेताओं को साधने के लिए ये प्रयोग किया। दोनों नेता मालवा-निमाड़ से आते थे ऐसे में सत्ता का केंद्र बिंदु मालवा-निमाड़ बन गया था, हालांकि इसके बाद कांग्रेस मध्यप्रदेश में सत्ता में वापसी नहीं कर सकी। अब एक बार फिर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने उसी फार्मूले को नए सिरे से लागू किया है। मालवा-निमाड़ के युवा ओबीसी और आदिवासी नेताओं के हाथों में कमान सौंपी है।

खास बात यह है कि जमुना देवी जब सक्रिय राजनीति में थी तब उनका सारा काम भतीजे उमंग सिंघार ही देखते थे। जमुना देवी भी नेता-प्रतिपक्ष रही हैं। उनके जाने के बाद उमंग की एक बड़े आदिवासी नेता के तौर पर पहचान बनी। 2008 से लेकर अभी तक उमंग सिंघार गंधवानी सीट से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया जब साथी विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए थे तब उमंग को भी ऑफिर मिला था लेकिन वे पार्टी में बने रहे। उसके बाद से वे प्रियंका गांधी के करीबी हो गए। हाल ही में मालवा-निमाड़ में चुनाव प्रचार का आगाज प्रियंका गांधी ने धार जिले के राजगढ़ से किया था। सभा की पूरी कमान उमंग सिंघार ने संभाली थी। भीड़ जुटाने से लेकर पूरा मैनेजमेंट सिंघार के भरोसे था और प्रियंका की सभा सफल रही थी। विधानसभा चुनाव में धार जिले की 7 विधानसभा सीटों में से 5 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। जबकि बीजेपी यहां मात्र 2 सीट ही जीत सकी।

ओवरऑल मालवा-निमाड़ में धार जिले में कांग्रेस का परफॉर्मेंस काफी अच्छा रहा है जबकि कई जिलों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है, जिसमें खंडवा-बुरहानपुर, देवास-शाजापुर, नीमच, रतलाम और इंदौर शामिल है। मालवा-निमाड़ के साथ ही प्रदेशभर में अगर आदिवासी वोटर्स को कांग्रेस से कनेक्ट करने में उमंग कामयाब होते हैं तो आने वाले चुनावों में कांग्रेस को इसका काफी फायदा होगा। शायद यही कारण है कि उमंग को विधायक दल की कमान सौंपी गई है।

दूसरी तरफ इंदौर के राऊ से जीतू पटवारी विधानसभा चुनाव बड़े अंतर से हारे हैं, लेकिन उन्होंने राहुल गांधी की टीम में अपना स्थान पहले ही बना लिया था। राहुल गांधी की पदयात्रा के दौरान वे काफी सक्रिय रहे। उन्होंने मालवा-निमाड़ में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा का नेतृत्व भी किया था। मालवा-निमाड़ में कांग्रेस के चुनाव प्रचार का आगाज राहुल गांधी ने किया था। पटवारी ने ही राहुल गांधी की कालापीपल में सभा करवाई थी लेकिन कांग्रेस के सिटिंग विधायक जीतू के करीबी कुणाल चौधरी भी चुनाव हार गए।

राम मंदिर के औपचारिक लोकार्पण के बाद देश में कभी भी लोकसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है, और इसके ऐन पहले कांग्रेस ने पीढ़ी परिवर्तन कर युवा नेताओं के हाथों में कमान सौंपी है। हालांकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई बहुत उम्मीद नहीं रखना चाहिए, फिर भी दोनों युवा नेताओं के नेतृत्व की हलकी सी झलक तो दिख ही जाएगी। फिलहाल प्रदेश की 29 में से कांग्रेस के पास केवल 1 सीट है, छिंदवाड़ा। मालवा-निमाड़ में 8 में से 3 सीट धार, रतलाम-झाबुआ और खरगोन संसदीय क्षेत्र में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस करीबी मुकाबले में है। यहां और प्रदेश की अन्य सीटों पर अगर कांग्रेस चुनाव जीतती है तो पार्टी का निर्णय सही रहा इस पर मुहर लग जाएगी।

मालवा-निमाड़ को बीजेपी का गढ़ कहा जाता है और आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं। मालवा-निमाड़ की कुल 66 विधानसभा सीटों में से इस बार बीजेपी ने 47 सीटें जीती है, यानी सरकार बनाने में मालवा-निमाड़ में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शायद यही कारण है कि बीजेपी ने सीएम मोहन यादव औ डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा मालवा-निमाड़ से ही बना दिए।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो ऐसा इसलिए क्योंकि बीजेपी अपने गढ़ पर पकड़ कमजोर नहीं करना चाहती है। 2018 के चुनाव में मालवा-निमाड़ बीजेपी के हाथ से फिसल गया था और इसका खामियाजा ये हुआ कि बीजेपी को सरकार गंवानी पड़ी। अब कांग्रेस बीजेपी के गढ़ को भेदने की कोशिश में जुट गई लगती है, लेकिन प्रदेश नेतृत्व की पहली परीक्षा पार्टी को एकजुट करने में ही हो जाएगी। देखना होगा कि जीतू पटवारी पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की छाया से बाहर निकल कर स्वतंत्र नेता के रूप में सोच पाते हैं या नहीं। और क्या वाकई वे वरिष्ठ नेताओं से उनके अनुभव लेते हुए अपनी नई कार्यप्रणाली विकसित कर पाएंगे? यदि ऐसा होता है, तो ही राहुल गांधी का यह प्रयोग सफल माना जाएगा। हां, पटवारी और उमंग सिंघार से ये उम्मीद तो की ही जा सकती है कि जिस तरह से कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व सत्तापक्ष के आगे बौना साबित होता रहा, आक्रामक नहीं हो पाया, मैदानी कार्यकर्ताओं के बजाय अपने समर्थकों को और पट्ठों को ही महत्व देता रहा, उसमें कुछ बदलाव तो आएगा।

# मोदी-शाह की नजरों और मोहन-विष्णु के मन में क्या है...?

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री के चयन में सभी को चौंका दिया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में 11 दिसंबर 2013 को तीसरी पंक्ति में बैठे तीसरी बार के विधायक डॉ. मोहन यादव के हाथ मध्यप्रदेश की कमान सौंपी गई थी। 13 दिसंबर को डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली थी। 3 दिसंबर 2023 को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के दस दिन बाद मध्यप्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिल गया था।

अब सबकी निगाहें मोहन के मंत्रिमंडल के गठन की तरफ हैं। जिज्ञासा यही है कि क्या यहां भी सब चौंकने के लिए तैयार रहें? और आसार भी यही नजर आ रहे हैं। 17 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के विधानसभा सत्र शुरू होने से एक दिन पहले दिल्ली जाने के बाद लग रहा है कि जल्दी ही नया मंत्रिमंडल भी शपथ ले सकता है। प्रदेश को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के दस दिन बाद 13 दिसंबर को नया मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री मिल गए थे, तो लगता है 23 दिसंबर तक नए मंत्री भी शपथ ले ही लेंगे। बाकी महिमा मोदी की और शाह-नड्डा के समन्वय की। संघ के फैसले ज्यादा समय लेते नहीं हैं और मोदी-शाह न भ्रम पालते हैं और न ही भ्रम में किसी को रखते हैं।

इसलिए लगता है कि 2020 में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल के गठन में हुई महीनों की कवायद जैसा माहौल अब 2023 में पूरी तरह से खत्म हो गया है। वैसे भी अब सिंधिया गुट जैसा शब्द भी अस्तित्व में नहीं है और अब तो भाजपा का शीर्ष नेतृत्व फैसला लेने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। क्योंकि यदि कोई भी गुंजाइश बची होती, तो दो उपमुख्यमंत्री में से एक पद तो सिंधिया समर्थकों के हिस्से में आ ही गया होता। पर ऐसा नहीं हुआ और आगे मंत्रिमंडल के गठन में भी ऐसा-वैसा होने की गुंजाइश कम ही बची नजर आ रही है।



पहले नजर शिवराज के मंत्रिमंडल पर डाल लेते हैं। इसमें डॉ.नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, राजेंद्र शुक्ल, तुलसीराम सिलावट, डॉ. (कुँ.) विजय शाह, जगदीश देवड़ा, बिसाहूलाल सिंह, यशोधरा राजे सिंधिया, गौरीशंकर बिसेन, भूपेन्द्र सिंह, कु. मीना सिंह मांडवे, कमल पटेल, गोविन्द सिंह राजपूत, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विश्वास सारंग, डॉ. प्रभुराम चौधरी, डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया, प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रेम सिंह पटेल, ओम प्रकाश सकलेचा, उषा ठाकुर, डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया, डॉ. मोहन यादव, हरदीप सिंह डंग, राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगांव, भारत सिंह कुशवाहा, इन्दर सिंह परमार, रामखेलावन पटेल, राम किशोर (नानो) कांवरे, बृजेन्द्र सिंह यादव, सुरेश धाकड़, ओपीएस भदौरिया और राहुल सिंह लोधी शामिल थे।

तीन चेहरों गौरीशंकर बिसेन, राजेंद्र शुक्ल और राहुल सिंह लोधी को चुनाव के एन वक्त पहले मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। इनमें से केवल राजेंद्र शुक्ल ही चुनाव जीत पाए थे। और सोलहवीं विधानसभा में शिवराज सरकार के मंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने तो राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनने का अवसर मिल गया। इनके अलावा डॉ. नरोत्तम मिश्रा, कमल पटेल, डॉ. महेंद्र सिंह सिसौदिया, प्रेम सिंह पटेल, डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया, राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगांव, भारत सिंह कुशवाहा, रामखेलावन पटेल, राम किशोर कांवरे जैसे मंत्री भी चुनाव हार गए थे। वहीं यशोधरा राजे सिंधिया ने चुनाव ही नहीं लड़ा था। तो अब निगाहें बाकी बचे उन सभी मंत्रियों पर है, जो विधानसभा चुनाव जीतकर मंत्रिमंडल में जगह पाने को आतुर हैं। मोदी, शाह और नड्डा की पारखी नजरें इनमें से कितनों पर प्रेम बरसाती हैं, यह देखने वाली बात है। और मोहन, विष्णु और हितानंद का कोमल कोना किन चेहरों के साथ है, इसका असर भी इस मंत्रिमंडल गठन में नजर आने वाला है।

अभी तक की स्थितियों पर नजर डालें तो प्रदेश को ओबीसी वर्ग से सीएम, एक जनरल और एक एससी वर्ग से डिप्टी सीएम मिले हैं। वहीं स्पीकर भी सामान्य वर्ग से मिले हैं।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि सर्वाधिक आदिवासी आबादी वाले मध्यप्रदेश में आदिवासी वर्ग को क्या नजरअंदाज किया जा रहा है या फिर आदिवासी वर्ग को लेकर मंत्रिमंडल में कुछ चौंकाने वाली स्थिति बनने वाली है। तो नजरें नरेंद्र सिंह तोमर के स्पीकर बनने के बाद बचे कद्दावर नेताओं प्रहलाद सिंह पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, रीति पाठक पर भी हैं। रीति पाठक महिला कोटे से जगह बनाती हैं तो विंध्य से ब्राह्मण चेहरों का समीकरण बिगड़ सकता है।

एक ब्राह्मण चेहरा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गिरीश गौतम का भी है। तो भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी मंत्री बनने के संभावित नामों की भरमार है। तो क्षेत्रीय, जातिगत और दिग्गजों के समीकरणों को साधने का निर्णायकों का कितना मन है? और सूची तय करने वालों ने कितना चौंकाने का मन बनाकर रखा है। विधायक की शपथ लेने वाले सभी चेहरों की आंखों में मंत्री बनने का सपना तो है ही। क्यों न हो, जब पहली बार का विधायक राजस्थान में मुख्यमंत्री बन सकता है और तीसरी बार का विधायक मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री बन सकता है, तो मध्यप्रदेश में पहली बार से नौवीं बार तक विधायक बने भाजपा नेता मंत्री बनने का सपना देखने का हक तो रखते ही हैं। मजबूरी यह है कि कुल विधानसभा सदस्य संख्या के 15 फीसदी सदस्य ही मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसमें देखने वाली बात यह है कि मोदी-शाह की नजरों और मोहन-विष्णु के मन में क्या है?

# कश्मीर पर शक्तिशाली इस्लामिक देश भारत के साथ

**डॉ.ब्रह्मदीप अलूने**

बदलती दुनिया में कूटनीति के रास्ते आर्थिक फायदों से तय होते है। 1990 के दशक में वैश्वीकरण के बाद भारत की अर्थव्यवस्था ने नए सोपान तय किये है, इसका असर विश्व स्तर पर बखूबी पड़ा है और इस्लामिक देश भी इससे अछूते नहीं है। इस सबके बीच इस्लामिक देशों की बादशाहत करने का ख्वाब पाकिस्तान की सत्ता देखती रही है और उसने कश्मीर को हथियार बनाकर भारत पर बढ़त बनाने की कोशिशें बदस्तूर जारी रखी है। ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता जताते हुए जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ अपनी एकजुटता की भी पुष्टि की है। सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के 5 अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। यह भी दिलचस्प है की हिसेन ब्राहिम ताहा का जम्मू कश्मीर को लेकर रुख समूचे इस्लामिक जगत का वास्तविक प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

इसके पहले 12 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को ख़त्म करने की संसद में घोषणा की तो पाकिस्तान ने इसे वैश्विक समस्या बताने के लिए भारत के साथ लगभग सारे द्विपक्षीय संबंध तोड़ दिए थे। इतना ही नहीं पाक ने भारत के राजदूत को वापस भेज दिया गया और सारे व्यापारिक रिश्ते ख़त्म करने की घोषणा कर दी थी। पाकिस्तान इस मामले को लेकर मुस्लिम देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इस्लामिक को-ऑपरेशन यानी ओआईसी में भी ले गया,जिसके दुनिया भर के 57 मुस्लिम बहुल देश सदस्य हैं। ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कॉपरेशन की जून 2020 की बैठक में भारत सरकार की उस नीति को गलत ठहराया गया था जिसके अंतर्गत 2019 में अनुच्छेद 370 की अस्थाई स्थिति को हटा दिया गया था। ओआईसी के कॉन्टैक्ट ग्रुप के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक में इसे संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और अंतरराष्ट्रीय क़ानून जिसमें चौथा जिनेवा कन्वेंशन भी शामिल है का उल्लंघन माना गया था।



पाकिस्तान की वैदेशिक नीति के केंद्र में कई दशकों से कश्मीर ही रहा है और उसने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी को भारत विरोधी मंच के रूप में लगातार इस्तेमाल करने की कोशिश की है। इस्लामिक सहयोग संगठन 1969 में स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है,यह मुस्लिम दुनिया की सामूहिक आवाज़ है और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने की भावना में मुस्लिम दुनिया के हितों की रक्षा और संरक्षण के लिए काम करता है। ओआईसी फिलिस्तीन, इराक, अफगानिस्तान, सीरिया और बोस्निया जैसे संघर्ष प्रभावित मुस्लिम क्षेत्रों के साथ साथ साइप्रस,कोसोवो और जम्मू और कश्मीर के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कॉपरेशन में पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के मुद्दे को वैश्विक स्तर पर कुप्रचारित करने लिए 1994 में एक कॉन्टैक्ट ग्रुप बनाया था,जिसमें पाकिस्तान के अलावा अज़रबैजान, नाइजर, सऊदी अरब और तुर्की शामिल है।

हालांकि पाकिस्तान के भारत विरोध की मुहिम ओआईसी में आंशिक सफलता ही मिल सकी है। इसका कारण बेहद साफ है कि मध्य पूर्व के मुस्लिम देशों के लिए पाकिस्तान की तुलना में भारत ज़्यादा महत्वपूर्ण कारोबारी साझेदार है तथा पाकिस्तान से भारत की अर्थव्यवस्था का आकार करीब दस गुना बड़ा है। संयुक्त अरब अमीरात का इस्लामिक जगत में बड़ा रुतबा है और उसने इसे भारत का आन्तरिक मामला बताया है,वहीं कुवैत,कतर,बहरीन और ओमान जैसे सशक्त मुस्लिम देशों ने इस पर बात करने से भी परहेज किया है। ईरान,कश्मीर पर भारत के साथ अक्सर खड़ा दिखाई देता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि पाकिस्तान की सुन्नी कट्टरता शियाओं की मुसीबतें बढ़ाती रही है। पाकिस्तान के खास मित्र तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन पिछले एक दशक से नियमित रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर को लेकर भारत की आलोचना करते रहे है,वे भारत के समर्थन के लिए सऊदी अरब की आलोचना भी कर चूके है। इस्लामिक दुनिया की सबसे बड़ी ताकत समझे जाने वाले सऊदी अरब और भारत की सामरिक भागीदारी निरंतर बढ़ी है। दोनों देशों के बीच सामरिक परिषद की स्थापना अक्तूबर,2019 में भारत के प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यात्रा के दौरान की गई थी। ब्रिटेन,फ्रांस और चीन के बाद भारत चौथा देश है जिसके साथ सऊदी अरब ने इस तरह की रणनीतिक साझेदारी की है। सऊदी अरब वर्तमान में भारत को कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता तथा भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। सऊदी अरब में 6 मिलियन भारतीय प्रवासी समुदाय सऊदी का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और देश के आधुनिकीकरण में उसकी बड़ी भागीदारी है। एक और मजबूत मुस्लिम देश मिस्र,भारत के साथ राजनीतिक,सुरक्षा सहयोग,आर्थिक जुड़ाव,वैज्ञानिक सहयोग तथा लोगों के बीच संबंधों के सिद्धांतों पर एक नए युग के लिये नई साझेदारी बनाने के अपने इरादे को रेखांकित करते हुए एक संयुक्त घोषणापत्र 2016 में ही जारी कर चूका है। भारत का मिस्र का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। 2022 में दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए,जिसके तहत सैन्य अभ्यास में भाग लेने और प्रशिक्षण में सहयोग करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार भारत अरब के शक्तिशाली देशों के साथ सहयोग और साझेदारी निरंतर बढ़ा रहा है जिससे पाकिस्तान के कुप्रचार को कमजोर करने में बड़ी मदद मिल रही है।

पाकिस्तान मुस्लिम हितों को लेकर बिल्कुल ईमानदार नहीं है,ओआईसी के देश भली भांति इसे जानते है। पाकिस्तान के पड़ोसी मुल्क चीन के शिन्चियांग प्रान्त में तकरीबन 1 करोड़ उईगर मुसलमान रहते है,जिन पर रोजे रखने,महिलाओं के बुर्खा पहनने,खुले में नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं है। यहाँ तक की उन्हें रोज मेंटल डिटेक्टर से चेक किया जाता है और अब तो मुस्लिम बाहुल्य वाले इस प्रान्त को वहां बसने वाले मुस्लिम बाशिंदों के लिए खुली जेल तक कहा जाने लगा है। मुसलमानों के लिए अमानवीयता की हदें पार करने वाले चीन को लेकर पाकिस्तान सदा खामोश रहा है। वहीं भारत एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतंत्र देश है। कश्मीर में रहने वाले मुसलमानों को मौलिक अधिकार,अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता और विकास की सारी सुविधाएं दी गई है,यह ठीक वैसा है ही जैसा भारत के अन्य नागरिकों को प्राप्त है।

मुस्लिम हितों को लेकर पाकिस्तान ही नहीं बल्कि ओआईसी के अन्य देश विरोधाभास से घिरे हुए नजर आते है। इस्लामिक दुनिया की यह कड़वी हकीकत है की वे आपसी विवादों और स्वार्थों के लिए किसी हद तक जा सकते है,जिसमें धर्म को भी दरकिनार कर दिया जाता है। अपने स्वार्थों के कारण ही इराक और सीरिया जैसे मुस्लिम देश तबाह हो चुके है और गृह युद्ध की आग में बुरी तरह झुलस रहे है। पिछले कई दशकों से मध्य पूर्व में हजारों मुसलमानों के कत्लेआम और शरण की गुहार में मरते लोगों के लिए न तो पाकिस्तान के दरवाजें खुले और न ही इस्लाम के सबसे बड़े पैरोकार सऊदी अरब के। इनसे बेहतर जर्मनी और फ्रांस जैसे यूरोपियन राष्ट्र रहे जिन्होंने मानवीयता के नाम पर मुस्लिमों को प्रवेश दिया है। बहरहाल कश्मीर के नागरिकों की खुशहाली को लेकर भारत के प्रयास ईमानदार है और यहीं कारण है अपनी संप्रुभता को लेकर भारत को न तो पाकिस्तान की परवाह है और न ही वह ओआईसी के समर्थन का मोहताज रहा है।

# मध्यप्रदेश में फुल एक्शन में ''मोहन''

**-अरुण पटेल**

अब एक ओर जहां मौसम में शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जायेगा वहीं दूसरी ओर राजनीति के मैदान में सियासत गर्म होकर उबाल मारती नजर आयेगी, क्योंकि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे निकट आयेंगे वैसे-वैसे राजनेताओं के बोल शोले बनते जायेंगे। मध्यप्रदेश के नये-नवेले मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव पूरी तरह से एक्शन मोड में आकर अपनी सरकार का इकबाल बुलंद करने में भिड़ गये हैं तो वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चुनावी हार से कार्यकर्ताओं और नेताओं में आई निराशा को दूर कर उन्हें चुनावी मैदान में पूरी ताकत से खड़े करने के लिए प्रदेशव्यापी दौरा करने वाले हैं। आत्मचिंतन-मनन और प्रदेश कांग्रेस संगठन में जहां जरुरी होगा वह फेरबदल कर सदन के अंदर भी सरकार को घेरने की पूरी तरह कोशिश कांग्रेस द्वारा की जाएगी।

हमारा संकल्प विकसित भारत और मोदी सरकार की गारंटी तथा एमपी के मन में मोदी की थीम पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का उज्जैन से 16 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की उपस्थिति में वर्चुअली प्रधानमंत्री मोदी ने आरंभ किया। यात्रा को उन्होंने पांच राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के लिए के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन प्रचार वाहनों द्वारा प्रधानमंत्री का आमजन को संदेश एवं विभिन्न योजनाओं पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनहित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ मिले उसको करने का प्रयास भी किया जायेगा। इस यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' यानी लाभार्थियों के अनुभव से योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा शेष बचे हितग्राहियों को चिन्हित किया जायेगा। स्वास्थ्य कैंप, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रोन प्रदर्शन जैसे जागरुकता कार्यक्रम भी चलाये जायेंगे तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अनेक योजनाओं की भी जानकारी दी जायेगी।



मुख्यमंत्री यादव की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा दी गई गारंटियों को सफलतापूर्वक जमीनी स्तर तक पहुंचाने की है। इसी मकसद से उन्होंने संकल्प-पत्र 2023 मंत्रालय में अफसरों को सौंप दिया है जिस पर अमल के लिए अफसरों ने कवायद भी शुरु का दी है और समय सीमा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है, इसलिए संकल्प-पत्र पर अमल का रोड-मैप एक सप्ताह में तैयार करने को कहा गया है। संकल्प-पत्र को धरातल पर उतारने के प्रयासों की श्रृंखला में जहां सरकार किसानों से 3100 रुपये में धान तथा 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदेगी वहीं 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को बिजली 100 रुपये में ही मिलेगी। इसके साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों को साधने का प्रयास भी किया जायेगा। पुलिस मुख्यालय में आला पुलिस अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री के तेवर काफी कड़े थे और उन्होंने दो-टूक लहजे में कहा कि खनन व शराब माफिया पर सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई ऐसी हो कि प्रदेश में कहीं से भी अवैध खनन और शराब तस्करी की कोई शिकायत ही न कर पाये। जिन जिलों में अपराध-दर अधिक है वहां विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाये तथा भविष्य की आवश्यकताओं का भी इसमें ध्यान रखा जाये।

**क्या करेंगे कमलनाथ:** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में शिकस्त मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की अब क्या भूमिका होगी, इस तरह के कयास इन दिनों लगाये जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में यही सवाल उत्तर की तलाश में है कि क्या हारी हुई कांग्रेस में जान फूंकने के लिए वे कोई रणनीति बनायेंगे या 77 साल की उम्र में फिर से दिल्ली को अपना आशियाना बनायेंगे। जहां तक उनकी तात्कालिक प्रतिक्रिया का सवाल था उन्होंने कहा था कि वह मध्यप्रदेश में ही रहने वाले हैं और कहीं नहीं जाने वाले हैं। छिंदवाड़ा का अपना गढ़ यदि उन्हें बचाना है तो भाजपा के बुलंद हौसलों के सामने उन्हें स्वयं ही चुनावी मुकाबले में उतरना होगा और अपनी खाली की गयी विधानसभा सीट पर अपने बेटे नकुल नाथ को उतार कर उन्हें राज्य में राजनीति करने का मौका देना होगा, इसलिए हो सकता है कि वह लोकसभा चुनाव तक प्रदेश कांग्रेस की कमान संभाले रहें। शायद यही कारण है कि बिना देर किए छिंदवाड़ा में कमलनाथ काफी सक्रिय हो गये हैं। विधानसभा में कांग्रेस सरकार की किस ढंग से घेराबंदी करती है यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि पिछले तीन सालों में उसकी भूमिका केवल रस्म अदायगी की रही है। जहां तक कमलनाथ का सवाल है राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा का कहना है कि कमलनाथ खुद तय करें कि अब उन्हें क्या करना है, जहां तक नये चेहरे का सवाल है उनका मानना है कि नया चेहरा आने से नई ऊर्जा मिलती है। उनका यह भी कहना है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही युवाओं को दरकिनार कर यह चुनाव लड़ा तथा इसे सरकारी योजनाओं का चुनाव बना दिया जबकि चुनाव युवाओं पर केंद्रित होना चाहिये था।

**आम आदमी पार्टी का मंथन:** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के साथ अपना कोई असर न छोड़ने वाली आम आदमी पार्टी में चिंतन-मनन का दौर जारी है। आप की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं की एक प्रकार से क्लास ही ले डाली तो वहीं कार्यकर्ताओं ने भी खरी-खरी बातें सामने रखीं। रानी अग्रवाल का कहना था कि परिणाम भले ही हमारे अनुरुप नहीं आये हों लेकिन हमने हिम्मत नहीं हारी है। जिन्हें पद मिला है उन्हें काम करना होगा और जो निष्क्रिय होंगे वहां बदलाव किया जायेगा, पद लेकर काम करना अनिवार्य होगा अन्यथा काम न करने वाले पदाधिकारी को बदल दिया जायेगा।

**और यह भी**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी पहली केबिनेट के फैसलों से साफ संकेत दे दिया है कि वह कट्टर हिंदुत्व व सनातन की राह पर ही चलेंगे। इसे देखकर यह कहा जा सकता है कि अगले लोकसभा चुनाव तक तो सनातन धर्म और उसका पालन एक प्रमुख मुद्दा रहेगा। उन्होंने शपथ ग्रहण के पहले भोपाल के खटलापुरा के हनुमान मंदिर मे जाकर पवनपुत्र का आशीर्वाद लिया और शपथ ग्रहण के बाद उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद उसी दिन अपने मंत्रिमंडल की बैठक में खुले में चल रही मांस व अंडे की दुकानों पर सख्ती करने तथा धार्मिक स्थलो में तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकरों पर अंकुश लगाने के प्रस्ताव पर मोहर लगा दी। मोहन यादव ने जहां हनुमानजी का आशीर्वाद लिया तो वहीं कमलनाथ भी सबसे बड़े हनुमान भक्त हैं यह कांग्रेसी कहते रहे हैं। आने वाले कुछ माह तक कौन बड़ा एवं सच्चा हनुमान भक्त है इसको लेकर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा होती रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# ज्ञान ज्योति के तीन हजार छात्रों ने शोक मे निकाला मौन जलूस

नैनपुर के ज्ञान जयोति शाला के कक्षा11 के छात्र देवेन्द्र की अपने सहपाठियों से आखिरी मुलाकात रही अब देवेन्द्र अलबिदा हो गया बडे टृक ने हमेशा के लिए जुदा कर दिया नैनपुर विकास समिति के बेनीशयाम खडेलवाल सत्य नारायण खडेलवाल बशीधरअगवाल महेद्सोनी जिनेन्द्र शाहू सहित शाला की प्राचार्य शील मेडम शिक्षक गण की मौजूदगी मे शाला के तीन हजार छात्र छात्राओं ने मौन जुलूस निकाला समिति की ओर से एस डी एम को ज्ञापन सौपा जिसमे शाला के समय पर वाहन पर रोक लगाई जाये निवारी चौक तक डिजाइनर लगाया जाए एस डी एम ने मामले की गंभीरता को देखकर तुरंत कायवाही के लिए कहा।

# निरोगी भव - आपका स्वास्थ्य आपकी मुट्ठी में : ब्रह्माकुमारीज

छतरपुर। माउंट आबू मुख्यालय से पधारे बीके वेणु गोपाल भाई जी तथा बी के संदीप भाई जी ने छतरपुर ब्रह्माकुमारी विश्वनाथ कॉलोनी सेंटर पर आयोजित निरोगी भव आपका स्वास्थ्य आपकी मुट्ठी में प्रोग्राम में अपना वक्तव्य दिया बीके वेणु गोपाल भाई जी ने कहा कि बीमारी का मुख्य कारण क्या है यह हमें पता नहीं होता है रोगों को हम अपना मित्र बना बैठे हैं जीवन में रोग निरोधक शक्ति की कमी है शरीर में टॉक्सिन के रूप में गंदगी है जब तक हम उसको साफ नहीं करेंगे, निरोगी नहीं बन सकते, इसलिए खून को साफ करना बहुत जरूरी है, खानपान को शुद्ध रखना है समय पर लेना है अधिक मात्रा में पानी पीना है रिफाइंड तेल और नमक का उपयोग न करें, फल सलाद का उपयोग करना है और सदा निरोगी रहना है तो प्रकृति ने जो फल सब्जियां दी है 50त्न कच्चा खाओ 50त्न पका कर खाए, रिफाइंड चीजों का परहेज करना है सुबह शाम 15 मिनिट वॉक करना है सुबह शाम 5 मिनिट मेडिटेशन करना है और समय पर सोना है तो फिर स्वस्थ आपकी मुट्ठी में होगा। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रामा बहन ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि भोजन को सदा भगवान की याद में ही स्वीकार करना चाहिए, प्रकृति का धन्यवाद करना चाहिए और उपस्थित सभी जनों का धन्यवाद किया।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र रतलाम ने उत्साहपूर्वक मनाया पेंशनर दिवस




रतलाम। पेंशन एवं ग्रेज्युटी सरकार की अनुकंपा पर निर्भर नहीं बल्कि कर्मचारी का विधिक अधिकार है। यह बात वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विधिक सलाहकार आर.के. श्रीवास, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहीं। पेंशन-डे उपस्थित पेंशनरों को संबोधित करते हुए 1968 के हाईकोर्ट के एक और प्रकरण फैसले में कहा कि सरकार को कोई भी अधिकार नहीं है कि विभागीय जांच या आपराधिक प्रकरण में लंबित रहने के कारण पेंशन या ग्रेज्युटी रोक सकें। अनुभव की छाया में पलने वाले वरिष्ठजनों का सानिध्य पाकर मै स्वयं सौभाग्यशाली मानता हुं। जिस किसी भी वरिष्ठजन की समस्या या कठिनआई हो मैं हमेशा आपकी विधिक सेवा में तत्पर रहूंगा। श्रीवास ने कहा कि पेंशनर संबंधित विवाद प्रत्येक जिले में गठित ट्रिब्यूनल में ही विवादों का निराकरण किया जाए।

कार्यक्रम प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रार्थना आशा श्रीवास्तव की वंदना गीत के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि आर.के. श्रीवास एडवोकेट, विशिष्ठ अतिथि अश्विनी शर्मा अध्यक्ष संयुक्त श्रम संगठन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गीता राठौर, अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष एम.एल. भट्ट ने जस्टीस व्हाय. वी. चंद्रचूड़, डी.एस. नाकारा एवं सी.बी. राठौर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष कीर्तिकुमार शर्मा द्वारा स्वागत उदबोधन एवं पेंशनर दिवस क्यों मनाते है इस पर प्रकाश डाला।प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उम्रदराज पेंशनर कृष्णराव नारले 96, मोहनलाल पचोरी 94, परमेश्वर सोडानी 92, रघुनाथ राव नवले 92, नंदलाल प्रजापति 90 वर्ष का शाल दुपट्टा प्रतीक चिन्ह भेंटकर पुष्पमाला के साथ आयुष सम्मान करतल ध्वनी से किया।

# गुरूद्वारे में मनाया गया सिख धर्म के 9वें गुरू श्री गुरू तेग बहादुर का शहीदी कार्यक्रम

छतरपुर। नगर के महोबा रोड इस्थित गुरुद्वारा में सिंह सभा द्वारा सिख धर्म के 9वें गुरू श्री गुरू तेग बहादुर का आज के दिन सन 1975 में उन्हें दिल्ली के बादशाह ओरंगजेब द्वारा इस्लाम कबूल ने किए जाने पर उन्हें शहीद कर दिया गया था। दिल्ली के बादशाह ओरंगजेब का कहना था कि पूरे हिदुस्तान में हिन्दू धर्म नहीं रहने दूंगा और कश्मीर से उसके द्वारा सभी हिन्दुओं को इस्लाम धर्म कबूल करवाने के लिए जुल्म शुरू कर दिए जिसमें हिन्दू धर्म की बहु-बेटियों को जबरन इस्लाम कबूल करवाकर अपने धर्म में निकाह भी करवाया था और लोग मना कर करते थे उन्हें मरवा देते थे।

गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन सिख धर्म के 9वें गुरू श्री गरू तेग बहादुर को दिल्ली के बादशाह ओरंगजेब द्वारा इस्लाम कबूल करने के लिए कहा गया था लेकिन श्री गुरू तेग बहादुर ने इस्लाम कबूल करने से मना कर दिया। इसी कारण से दिल्ली के बादशाह ने श्री गुरू का दिल्ली के चादनी चौक पर शीश धड़ से अलग कर करवा दिया था। श्री सिंह बताया कि इसीलिए उनके द्वारा दिए गए इस बलिदान को शहीद दिवस के रूप में आज उन्हें याद कर गुरूद्वारे में आरदास, भजन कीर्तन के साथ प्रसाद भी वितरण किया जाता है।

### रोहित मेहरा हत्याकांड में मृतक के परिजनों ने निकाला जुलूस, फांसी और मकान तोड़ने की मांग

# दो चाकू के साथ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

इटारसी। विगत दिनों चार आरोपियों ने शहर के संवेदनशील इलाका नाला मोहल्ले में एक युवक को योगेश मेहरा को चिश्तिया चक्की के पास धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी।

इस मामले में मृतक योगेश के भाई जितेंद्र की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 302, 34 आईपीसी कि धारा के अंतर्गत थाना में कायमी की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करण सिंह के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला द्वारा तत्काल थाने में उपस्थित बल की टीम बनाकर प्रभावी कार्रवाई करते हुए घटना के मांत्र 12 घंटे में ही इस जघन्य हत्याकांड के चारों आरोपियों को अभीरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने दो दिन पूर्व मृतक योगेश द्वारा आरोपी सिद्धू की मां के साथ हुएं मामूली विवाद की रंजिश पर 15 दिसंबर की रात लगभग रात 10-11के बीच चिश्तिया चक्की नाला मोहल्ले के पास योगेश को मिलने के लिए बुलाकर चारों आरोपियों ने एक राय से एक खटकेदार चाकू और एक खंजर नुमा चाकू से योगेश पर ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया और नाले में धकेल कर भाग गए, इस घटना को पुलिस पुछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है। उक्त प्रकरण में चारों आरोपी सुल्तान उर्फ टीपू, शुभम उर्फ सब्बू, नईम खान एवं शेख रहीम उर्फ पोता को



प्रेम नगर न्यू यार्ड स्थित रेलवे क्वार्टर से गिरफ्तार किया है। शिब्बू व नेईम के कब्जे से घटना में प्रयोग एक खटकेदार तथा एक खंजर नुमा बड़ा चाकू वह अन्य साक्ष जप्त किये है। टीआइ बुंदेला ने बताया कि आरोपी गण रेलवे स्टेशन इटारसी से अवैध वेंडरीग करना बताया हैं तथा न्यू यार्ड का रेलवे क्वार्टर कब्जा कर वहां से ही ट्रेन में अबैध वैडिंग का धंधा करना बताया है। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि नाला मोहल्ला व्यस्ततम एरिया होकर संवेदनशील इलाका माना जाता है यहां पुर्व में पुलिस चौकी कि मांग भी उठाई जा चुकीं हैं इस मोहल्ले में पुर्व में वर्षों में तीन गंभीर हत्याकांड हों चुकी हैं जिसमें मुन्ना नाई,शेहवाज खान, एवं अनूप उर्फ पप्पू लोटा जैसी इत्यादि घटना शामिल हैं।

मृतक योगेश मेहरा के परिवार के साथ सह निवासीयों ने आज नगर में एक विशाल जूलूस निकालकर नगर प्रशासन से मांग की है कि आरोपीयों को फांसी दी जाए एवं इनके मकान तोड़ने की कार्यवाही की जाएं जिससे अपराधियों को सबक़ मिल सकें।

इस मामले में नगर निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला एसआई सुनील गगरी, एस आई रघुवंशी एसआई रजक ,एएस आई संजय रघुवंशी, अनिल ठाकुर ,प्रधान आरक्षक अशोक सिंह, हेमंत तिवारी, ने भगवत सिंह ,शेख अबरार, आरक्षक संगीत ,हरीश, कृष्णा, अविनाशी ,जोशुआ ,रविंद्र ,राजू जाट ,इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर परिषद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ लाईव प्रसारण




ओबेदुल्लागंज ! संवाददाता 26 जनवरी तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संवाद के साथ शुभारंभ किया गया ! नगरी क्षेत्र इसका शुभारंभ किया गया, नगर परिषद ओबेदुल्लागंज में सीएमओ सोनाली शर्मा के नेतृत्व में एलईडी लगाकर नगर के नागरिकों को प्रधानमंत्री के लाइव संवाद को दिखाया गया ! इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, सुनील सेरिया, सुजीत यादव, मनोज चौरसिया ,शंकर लाल इरपाचे, परिषद के कर्मचारी सहित नगर के , जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्थाओं के साथ मेंटर उपस्थित थे ! इस दौरान नगर के नागरिक भी शामिल रहे !




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बौद्धिक खेलों से हो रहा बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास

छतरपुर / रविवार को ग्राम ढडारी के शास.मिडिल स्कूल मैदान में सेवा ही संकल्प समिति द्वारा खुशियों की पाठशाला आयोजित की गई । जिसमें ग्राम ढडारी के बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की, गणेश वंदना के साथ पाठशाला की शुरुवात हुई तथा बच्चों ने उत्साह से विभिन्न खेल खेले, तत्पश्चात बच्चों ने चित्रकला और संगीत सीखा । समिति के नीलेश तिवारी ने बताया कि खुशियों की पाठशाला का आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा निःशुल्क कराया जा रहा है जिसकी गतिविधियां बच्चे के संपूर्ण विकास में सहायक होती हैं । जहां खेल से बच्चों का शारीरिक विकास, संवेगात्मक विकास को बढ़ावा मिल रहा है साथ में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए पाठशाला के अहम प्रयास कारगार सिद्ध हो रहे है ।

# वैश्य महासम्मेलन मप्र के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

ओबेदुल्लागंज ।.वैश्य महासम्मेलन मप्र जिला रायसेन के कैलेंडर-2024 का विमोचन एवं कार्यकताओ की वृहद बैठक का आयोजन जैन धर्मशाला औबेदुल्लागंज में हुआ। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी बसंल व समाज के वरिष्ठ अशोक मित्तल, जिला प्रभारी राजेन्द्र अग्रवाल , विधा अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष विनोद जैन आरएनजी की अध्यक्षता में सभी ने मिलकर कैलेंडर का विमोचन किया।

इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन मप्र के जिलाध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि प्रदेश संगठन से जारी होने वाले इस कैलेंडर को प्रत्येक सदस्य को निशुल्क वितरण होना है। उसके लिए प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस हेतु प्रदेश व संभागीय पदाधिकारियों का संगठन के जिला पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल से सम्मान भी किया। कार्यक्रम में कैलेंडर विमोचन के साथ समस्त अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखकर संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा सदस्यता बढ़ाने सहित अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के महिला जिला अध्यक्ष नमीता अग्रवाल व तहसील अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल सोनू द्वारा कैलेंडरों के प्रकाशन में सराहनीय भूमिका का निर्वहन करने प्रदेश उपाध्यक्ष व समस्त जिला




टीम का शाल-श्री फल भेंटकर विशेष सम्मान किया और उनकी सेवाओं की सराहना की।

संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल तथा संभाग अध्यक्ष बीके गुप्ता के निर्देशन में रविवार को रायसेन जिले की सभी तहसील केंन्द्रो पर वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। जिसमें गौहरगंज तहसील में अशोक मित्तल, बाड़ी में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, सुल्तानपुर में परवचंद जैन, बरेली में दिलीप धारीवाल, उदयपुरा में शिवनारायण मालानी, रायसेन में अशोक अग्रवाल, गैरतगंज में टेकचंद जैन, बेगमगंज में शिवनारायण नीखरा, तथा सिलवानी में नगर पालिका अध्यक्ष रिशु विभोर जैन मुख्य अतिथि रहें। सभी तहसील अध्यक्ष तथा जिला पदाधिकारी अपने-अपनी तहसील केदो पर कैलेंडर का विमोचन किया। समापन पर तहसील अध्यक्ष शैलेश सोनू अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर औबेदुल्लागंज समाज अध्यक्ष राजीव जैन,समाज के महामंत्री अनिल जैन, बागीश अग्रवाल, अकिंत अग्रवाल, राम अग्रवाल, आशीष जैन, वैभव जैन, प्रियेश अग्रवाल .अंकित मित्तल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एक तरफा प्यार में शादी से किया इनकार तो कनपटी पर मार दी गोली, आरोपी गिरफ्तार

# सम्हल जाएं मासूम बेटियाँ, परिजनों के अलावा अन्य किसी को न दें ज्यादा तरजीह

नरसिंहपुर। गोटेगांव में 22 वर्षीय काजल साहू के हत्यारे को पुलिस ने नरसिंहपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी देवेंद्र पिता हरिगोविंद पटेल शिक्षक कालोनी निवासी है जिसने अवैध देशी पिस्टल से काजल साहू को कनपटी पर गोली हत्या कर दी थी। दिनांक 14.12.2023 का रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव से सूचना प्राप्त हुई कि मृतिका काजुल साहू को उसके परिजन मृत अवस्था में अस्पताल लाये है। सूचना पर तत्काल थाना गोटेगांव में मर्ग प्रकरण दर्ज कर प्रारंभिक जांच पर पाया गया कि मृतिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में गोली मारकर हत्या की गयी है। सूचना प्राप्त होते पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक, नागेन्द्र पटेरिया तत्काल घटना स्थल पहुचें एवं आरोपी की पतासाजी कर तत्काल गिरफ्तार करने हेतु पृथक-पृथक टीमों का गठन कर आरोपी को पकडने हेतु घेराबंदी करने हेतु निर्देश दिये गये थे।

गठित की गयी विशेष पुलिस टीमों द्वारा संभावित ठिकाने पर दबिश दी गयी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रीय किया गया एवं तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया गया जिसके परिणाम स्वरूप मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त घटना को देवेन्द्र कुमार पटेल अंजाम दिया है एवं वर्तमान में आरोपी गोटेगांव-नरसिंहपुर रोड़ पर है एवं भागने की फिराक में है, सूचना अनुसार पुलिस टीमों द्वारा हिकमत अमली से घेरा बंदी कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जिसने उक्त हत्या की घटना को घटित करना कबूल किया गया।



प्रकरण के अनुसंधान में आये तथ्यों के अनुसार पाया गया कि मृतिका काजुल साहू गोटेगांव की मूल निवासी थी एवं जबलपुर में मिर्ची कैफे में नौकरी करती थी जिससे आरोपी देवेन्द्र कुमार पटेल इकतरफा प्यार करता था और शादी करना चाह रहा था मृतिका ने आरोपी से शादी करने से इंकार कर दिया इसके परिणाम स्वरूप आरोपी ने मृतिका की देशी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कारित कर दी।

घटना के सम्बंध में बता दें कि 14 दिसंबर की रात लगभग 10:00 बजे की घटना है। जब काजल जबलपुर से ट्रेन से उतरकर अपने घर गोटेगांव आ रही थी। फहरा चौक व शीतल लॉज के बीच युवती पहुंची तो उसके साथ चल रहे आरोपी ने काजल की कनपटी पर पिस्टल तान दी। वह कुछ समझ पाती व अपना कोई बचाव कर पाती आरोपी ने गोली दाग दी। खून से लथपथ काजल वहीं गिर पड़ी। आसपास के लोग ने घटना में घायल काजल की एम्बुलेंस बुलाकर शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहाँ पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मर्डर की उक्त घटना सीसीटीवी मे कैद हुई है। जिसकी फुटेज प्राप्त कर पुलिस ने तुरंत आरोपी की तलाश कर दी थी। बताया गया है कि अज्ञात आरोपी एवं मृतक युवती जिसकी उम्र लगभग 20-22 वर्ष बताई गई है,थोड़ी दूरी बनाकर स्टेशन तरफ से साथ साथ चल रहे थे। घटना की विडियो वायरल हो चुकी जिसमें अस्पष्ट सीसी टीवी फुटेज से ऐसा स्पष्ट हो रहा था कि आरोपी एवं मृतिका एक दूसरे से परिचित थे।

गिरफ्तार आरोपी ङ्क देवेन्द्र कुमार पटेल पिता हरिगोविंद सिंह पटेल, उम्र 22 वर्ष, निवासी शिक्षक कॉलोनी थाना गोटेगांव के विरूद्ध अपराध क्रमांक 980/2023 धारा 302 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर उससे एक देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस एवं एक पल्सर मोटर साईकल भी जप्त की गयी है।

# सतना से हवाई सेवा शीघ्र शुरू होगी

सतना हवाई अड्डे का पुनर्निर्माण सांसद गणेश सिंह ने अपने जारी एक बयान में बताया है कि सतना हवाई अड्डे में 90 सीटर यात्री जहाज उतरने के लिए रनवे का पुनर्निर्माण एवं टर्मिनल भवन बनाने के लिए भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा लगभग 40 करोड़ की राशि प्रथम चरण में स्वीकृत की गई है।



सतना हवाई अड्डा एयरपोर्ट अथॉरिटी को हैंड ओवर किया जा चुका है। सांसद श्री सिंह ने नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। सांसद श्री सिंह ने सतना के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बोलते हुए कहा कि सतना विधानसभा के मतदाताओं ने आशीर्वाद देने में भले ही थोड़ी कमी कर दी हो लेकिन मैंने जो वायदे विकास के किए हैं उन्हें मैं अवश्य पूरा करूंगा और उस दिशा में मैं अपना काम पूरा करूंगा बहुत जल्द ही 700 बेड का सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज में निर्माण कार्य शुरू होगा सतना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए बृहद योजना की स्वीकृति की पहल शुरू की जा चुकी है।

बमीठा से सतना शहर के अंदर 12 किलोमीटर एलिवेटेड रोड सहित जो पूर्व में घोषणा है उस कार्यों में आगे भी हम आगे बढ़ चुके हैं सतना के लोग कहते थे कि पड़ोसी जिले की तुलना में सतना पीछे हो गया जब अवसर आया आशीर्वाद देने में लोगों ने कमी कर दी।

सांसद श्री सिंह ने नगर निगम प्रशासन को स्मार्ट सिटी के गुणवत्ता विहीन कार्यो सीवर लाइन की खुदाई से हो रही परेशानी से ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि समय रहते ठीक करें अन्यथा मुझे कड़े कदम उठाने होंगे।

# जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य:नीना वर्मा

धार यह एक बहुत बड़ा अवसर है जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर हम स्वयं जरूरतमंद गरीब, शोषित एवं पीड़ित लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। यह योजना केवल शासकीय अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को आज संकल्प लेना है कि शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे। इसके लिए हम लगातार कार्य करेंगे , लगातार गरीबों और समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए चिंता कर रहे हैं। यह विचार धार विधायक नीना वर्मा ने तिरला में अयोजित जिला के कार्यक्रम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।कार्यक्रम में विशेषअतिथि सांसद छतर सिंह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मेड़ा ,पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर, पूर्व मंत्री रंजना बघेल, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जनपद सीताराम सिंगार,जिला योजना समिति सदस्य महेश रावला,जिला मंत्री संजय मुकाती, सरपंच आरती पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश में वर्चुअली विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं हितग्राही मूलक शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका सीधा प्रसारण कार्यक्रम स्थल में किया गया।

इस मौके पर यात्रा प्रभारी विश्वास पांडे ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। इनका लाभ सभी वर्गो तक पहुंचे इसके लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। हम सभी को इसमें सक्रियता से सहभागिता करना चाहिए।बी जे पी मंडल अध्यक्ष अमित पाटीदार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली जा रही है। इस योजना का उद्देश्य शासन की योजना का लाभ हर पात्र हितग्राही को मिले इसके लिए सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योजना का लाभ प्रत्येक गली मोहल्ले में जाकर दिया जाएगा।

**अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए रथों को अतिथियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के सभी वार्डो, गली मोहल्लों में पहुंचकर आम नागरिकों को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देगें एवं नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाएगें। विशेष रूप से तैयार किए गए रथों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आमजन को संबोधित करेगें

**विभागों ने लगाये स्टॉल:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये थे। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बीसी सखी सेवा



केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना नवीन पंजीयन सुधार केन्द्र, आयुष्मान कार्ड/आधार कार्ड, आधार सुधार पंजीयन आदि,कृषि एवम की विभाग, आजीविका परियोजना शामिल थे। विभागों द्वारा इन सभी योजनाओं की जानकारी लोगों को प्रदाय की जा रही थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया।

**महिला हितग्राहियों को मिली उज्जवला गैस कनेक्शन का लाभ:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज 5 हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन से लाभान्वित किया गया । सभी महिलाएं उज्जवला गैस कनेक्शन पाकर काफी खुश नजर आयी।जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रदीप पाटीदार ने दी7


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग जोन क्र. 16
निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्र. 229 / यां.वि. / 2023 भोपाल, दिनांक 14/12/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 308171_3 | CONST. OF SIT OUT AND SHED AT INDUSTRIAL AREA GOUTAM NAGAR WARD 65, ZONE-16 | 1,49,813/- | 2996/- | 1000/- | 01 monaths | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 2 | 2022_ UAD_ 232895_5 | CONSTRUCTION OF CEMENT CONCRETE ROAD WORK SANTOSH MEENA TO SARITA YADAV KOLUA W- 74,Z-16 | 76,864/- | 1537/- | 1000/- | 01 months | MPUADD ROAD ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 14.12.2023 (date) to 17:30P.M. (time) 28.12.2023 (date):
3. Amendments to NIT (if any) would be published on https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in news-paper.website
The initial period of 5(Five) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

नि.क्र.-1244/023/024

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं. 16 नगर निगम भोपाल





**जीतू पटवारी, उमंग सिंगार और हेमंत कटारे ने राहुल गांधी से मुलाकात कर किया आभार व्यक्त**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश विधानसभा में नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने आज नई दिल्ली पहुंचकर अभा कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी संगठन और विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करने के लिए मिली जिम्मेदारी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने तीनों युवा नेताओं को मिली जिम्मेदारी पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की।



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज वाराणसी में काशी विश्वनाथ का सपत्नीक दर्शन-पूजन किया।

# पीएम मोदी ने गुजरात को दी बड़ी सौगात

## सूरत डायमंड बोर्स- हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन

**सूरत।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सूरत में दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस हब डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया है। यह अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण व्यवसाय के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार के लिए एक वैश्विक केंद्र होगा। इसके अलावा उन्होंने सूरत को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी तोहफा दिया। इस दौरान राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

हवाई अड्डे की नए एकीकृत टर्मिनल भवन में व्यस्त समय के दौरान 1,200 घरेलू यात्रियों और 600 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने की क्षमता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इसमें व्यस्त समय के दौरान अपनी क्षमता को 3,000 यात्रियों तक बढ़ाने की व्यवस्था है। इसके साथ ही इस हवाई अड्डे की यात्रियों को संभालने की वार्षिक क्षमता बढ़कर अब 55 लाख यात्रियों तक हो गई है। टर्मिनल भवन को स्थानीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप डिजाइन किया गया है।



### डायमंड बूर्स में मिलेंगी यह सुविधाएं

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सूरत डायमंड बोर्स अंतरराष्ट्रीय हीरे तथा आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा एवं आधुनिक केंद्र होगा। बयान में कहा गया है कि सूरत डायमंड बोर्स की इमारत 67 लाख वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र में फैली है जो दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय परिसर है। यह सूरत शहर के पास खजोद गांव में स्थित है। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। बयान में बताया गया है कि इसमें आयात और निर्यात के लिए एक अत्याधुनिक सीमा शुल्क निकासी गृह, खुदरा आभूषण व्यवसाय के लिए आभूषण मॉल, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सुरक्षित तिजोरी जैसी सुविधाएं होंगी।

## राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक प्रगति महिला भागीदारी के बिना असंभव'' : डॉक्टर श्रीमती सोनू चौरे सहायक प्राध्यापक



**भोपाल।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर-भोपाल इकाई द्वारा ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित ''प्रबुद्धजन संगोष्ठी'' ग्राहक पंचायत प्रदेश कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

जिला अध्यक्ष श्री गगनकांत त्रिपाठी ने बताया कि ''प्रबुद्धजन संगोष्ठी'' में मुख्य वक्ता डॉक्टर श्रीमती सोनू चौरे सहायक प्राध्यापक ने महिला सशक्तिकरण विषय पर सारगर्भित प्रभावी व्याख्यान दिया उनके साथ ही श्रीमती किरण मंसारकर ने पर्यावरण सुरक्षा का महत्व बताते हुए, पानी बचाने पर जोर देते हुए, भावी पीढ़ी में पर्यावरण हितैषी संस्कार देने के लिए मातृषक्ति को प्रेरित किया। ''प्रबुद्धजन संगोष्ठी'' का शुभारंभ श्रीमती प्रतिमा हरित के मधुर ग्राहक गीत प्रस्तुतीकरण से हुआ।

''प्रबुद्धजन संगोष्ठी'' में जिला अध्यक्ष (पुरूष इकाई) श्री गगनकांत त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष (महिला इकाई) श्रीमती सरिता शर्मा सहित श्री अनिल श्रीवास्तव, श्री हरीश बारी, श्री दीपक बाबू श्रीवास्तव, श्री राघवेंद्र सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह नेगी, एवं श्रीमती प्रतिमा हरित, श्रीमती सुनीता वानखेडे, श्रीमती संजू श्रीमाली, श्रीमती उपासना खरे, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती उर्मिला गौर, श्रीमती अंजूला सोनी, श्रीमती नीतू सेंगर, श्रीमती सुनिता वानखेड़े इत्यादि ने सहभागिता कर ''प्रबुद्धजन संगोष्ठी'' को सफल बनाया।

## विद्युत पेन्शनर्स हित रक्षक संघ ने पेन्शनर्स डे पर अपने दिसंबर माह मे जन्मे साथियों का सम्मान कर स्नेह सम्मेलन व भोज आयोजित किया

**भोपाल।** आज रविवार को प्रदेश के जबलपुर, हरदा, सीहोर, ग्वालियर,विदिशा, आष्टा, होशंगाबाद, नरसिंहगढ आदि स्थानो से इस सम्मेलन मे शामिल होने पेन्शनर्स साथी भोपाल बालाजी धाम परिसर बीएनसी गोविन्दपुरा पधारे थे । पेन्शनर्स हित रक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक डा.शैलेन्द्र व्यास की अध्यक्षता मे दोपहर 12 बजे से प्रारंभ कार्यक्रम 4 बजे अपराह्न समाप्त हुआ । हित रक्षक संघ के प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता जी ने अपने संबोधन मे संगठन के हितार्थ विभिन्न मामलो मे हाईकोर्ट जबलपुर मे दर्ज प्रकरणो की जानकारी देते हुये कहा कि हमे अपने मुख्य अधिकारो समय पर डीआर का भुगतान, पेन्शनर्स हेतु विशेष हेल्थ इंश्योरेंस व हेल्थ सुविधाओ के लिये नई सरकार के समक्ष अपनी बात रखने हेतु एकजुट होना होगा । उन्होने सरकार की पूर्व घोषणा व कोर्ट के निर्देश अनुसार विधुत पेन्शनर्स के लिये सुरक्षित पेन्शन फंड के निर्माण हेतु संघर्ष के लिये तैयार रहने का विधुत पेन्शनर्स से आव्हान किया ।संरक्षक डा.शैलेन्द्र व्यास ने स्पष्ट किया कि हम लोग ओपीएस के मामले से दूर रहे क्योकि हमारे संगठन के सभी सदस्य पूर्व से ही ओपीएस के पात्र हैं । कुछ विपक्षी दलो ने मात्र राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से ओपीएस का हंगामा खडा किया था । उन्होने कहा कि सरकारी कर्मियो को अपनी सेवा शर्तो के हिसाब से लाभ दिया जाना नई सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए । इससे कर्मचारियो/पेन्शनर्स व सरकार मे कोई संघर्ष की स्थिति निर्मित नही होगी । इस मौके पर आयोजित सभा को देशराज कनोजिया जबलपुर, एसके पगारे हरदा, नरसिंह मेवाडा सीहोर, प्रवीण शर्मा विदिशा, डॉ . श्रीवास्तव आष्टा, प्रदेश उपाध्यक्ष एके अवस्थी, जिला भोपाल के पदाधिकारीगण केके मनवारे , अरविंद सीठा आदि ने संबोधित किया ।संचालन के के मीणा ने व आभार सुनील गार्गव ने व्यक्त किया । संगठन द्वारा वरिष्ठ पत्रकार आंनद दुबे (नवदुनिया) का शाल श्रीफल व पुष्पहार से सम्मान किया। इसके पूर्व दिसंबर माह मे जन्मतिथि वाले पेन्शनर्स का सम्मान किया गया । संगठन प्रतिमाह के अ अंतिम दिवस उस माह के दौरान जन्मे पेन्शनर्स का सम्मान व मिलन समारोह विगत अगस्त 23 से सतत कर रहा है । कार्यक्रम मे विशेष सहयोग के लिये एलके चौरसिया,एमए खान, दिनेश सक्सेना, अशोक जैन,व्ही के शुक्ला आदि का संरक्षक डा.शैलेन्द्र व्यास व अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने सम्मान किया।



OUR PREDICTION CAME TRUE

WHISPERSINTHECORRIDORS.COM

**R K Tyagi appointed CMD Power Grid on Dec 15**

**(WE SAID THIS ON Dec 30, 2022)**
**R K Tyagi a Board level claimant for CMD, Power Grid**
R K Tyagi, Director (Operations), Power Grid Corporation of India Ltd, appears to be a Board level claimant for the post of CMD, Power Grid Corporation of India Ltd.




**(WE SAID THIS ON JUNE 1, 2023)**
**R K Tyagi in race for CMD, Power Grid**
R K Tyagi, Director (Operations), Power Grid Corporation of India Ltd, appears to be a Board level claimant for the post of CMD, Power Grid Corporation of India Ltd.

**(WE SAID THIS ON NOV 21, 2023)**
**Tyagi to succeed Sreekant as CMD, Power Grid Corp on Jan 1**
R K Tyagi, Director (Operations), Power Grid Corporation of India Limited, who has been selected for the post of Chairman & Managing Director, Power Grid Corporation of India, will be succeeding incumbent K Sreekant on January 1, 2024.

## आप के साथ कोई फ्रॉड न हो तो हो जाएं सतर्क, साइबर फ्रॉड को लेकर सरकार सख्त, जानिए क्यों किए 55 लाख सिम बंद

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी वाले मोबाइल फोन कनेक्शनों पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत सरकार ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करने वाले 5.5 मिलियन फोन नंबरों को बंद कर दिया है। यह संचार साथी पोर्टल के माध्यम से शुरू किए गए एक राष्ट्व्यापी सत्यापन अभियान की वजह से किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य अवैध सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी पर रोक लगाना है। संसद में संचार मंत्री देवुसिंह चौहान ने इस अभियान की सफलता की घोषणा कि जिसमें बताया गया कि वेरिफिकेशन में जाली दस्तावेजों का पता चलने के बाद 55.52 लाख (5.5 मिलियन) कनेक्शन इनएक्टिव कर दिए गए थे।

सरकार ने बताया कि 70 हजार से ज्यादा सिम एजेंट इन मोबाइल कनेक्शन को बेचने में शामिल थे। उन्हें भी ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और 1890 पॉइंट ऑफ सेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। 1,31,961 मोबाइल हैंडसेंट्स भी इसमें शामिल पाए गए हैं। साइबर क्राइम/फाइनेंशियल फ्रॉड्स को देखते हुए इन सभी मोबाइल हैंडसेट्स को भी ब्लॉक कर दिया गया है।




### एएसटीआर सिस्टम

एएसटीआर एक सिस्टम है जो टीएसपी के द्वारा मिलने वाली जानकारी के आधार पर डुप्लीकेट सिम कार्ड रजिस्ट्रेशन की पहचान करता है। साथ ही ये भी पता लगाता है कि एक व्यक्ति के आधार पर कितने सिम कार्ड जारी किए गए हैं। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। 'संचार साथी' पोर्टल नागरिकों को संदिग्ध मोबाइल गतिविधि की रिपोर्ट के लिए सशक्त भी बनाता है। यहां पर हर यूजर की जानकारी उपलब्ध होती है। इसकी मदद से ही सिक्योरिटी और प्राइवेसी पर भी नियंत्रण किया जाता है।

### संचार साथी पोर्ट्ल पर कर सकते हैं रिपोर्ट

संचार साथी पोर्ट्ल को लोगों की सहूलियत के लिए तैयार किया है। इसकी मदद से चोरी या गुम हुए स्मार्टफोन को आसानी से खोजा जा सकेगा। फोन गुम या चोरी होने पर इस पोर्टल पर तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके बाद आपका फोन ब्लॉक हो जाएगा, ताकि आपके फोन से जरूरी डिटेल्स लीक ना हो और उस फोन का कोई गलत तरीके इस्तेमाल ना करें। अगर चोर आपकी सिम निकालकर उस फोन में दूसरी सिम भी डालता है, तो वह भी ब्लॉक हो जाएगी। इतना नहीं कोई और व्यक्ति तो आपके डॉक्यूमेंट पर सिम नहीं चल रहा है, ये भी संचार साथी पोर्टल से चेक कर सकते हैं।

## कुलपति की जान बचाने के मामले में अभाविप ने रोशनपुरा चौराहे पर किया प्रदर्शन, निकाली न्याय यात्रा

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भोपाल महानगर ने शनिवार को न्यू मार्केट के रोशनपुरा चौराहे पर ग्वालियर में हुई घटना को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही न्यू मार्केट में न्याय यात्रा भी निकाली। प्रदर्शन में अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा और मध्यभारत प्रांत के प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव के साथ महानगर के दायित्वान कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने बताया कि एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद दिल्ली से ग्वालियर जा रहे एबीवीपी के छात्रों को ट्रेन में कुलपति जिन्हें हार्ट अटैक आया था, उनकी सहायता करना सबसे प्राथमिकता वाला कार्य लगा, प्रशासन समय से एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं करा पाया। इसलिए न्यायाधीश की गाड़ी बिना अनुमति लेनी पड़ी, दुर्भाग्य से कुलपति का अस्पताल में निधन हो गया। छात्रों को कुलपति की जान बचाने के प्रयास के लिए जिस प्रकार से डकैती का मुकदमा दर्ज किया गया है, वह अत्यंत शर्मनाक है। छात्रों के भविष्य को इस तरह बर्बाद नहीं किया जा सकता, उद्देश्य क्या था इसको प्रमुखता से देखा जाना चाहिए। अभाविप अपने कार्यकर्ताओं के लिए न्याय की मांग करती है, और इस पुनीत कार्य में उनके साथ सदैव साथ खड़ी है।

प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव ने कहा कि अगर ग्वालियर की घटना में जबरन दोषी बनाए गए, छात्रों को अगर न्याय नहीं मिलता है तो, विद्यार्थी परिषद पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी। छात्रों की मंशा गलत नहीं थी, उनका उद्देश्य जान बचाना था। इसलिए न्यायाधीश संवेदना दिखाते हुए न्याय करें। जान बचाने वाले छात्रों पर डकैती की गंभीर धाराएं बिना जांच के लगाना भी निंदनीय हैं। पुलिस प्रशासन इस पर विचार करें। जबकि डकैती जैसे कृत्य वर्ष 2013 से न के बराबर हैं। साथ ही वैष्णव ने कहा कि कुलपति की जान बचाने के प्रयास का हम स्वागत करते हैं। अभाविप के कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने हम निरन्तर प्रयास करेंगे। आगे हमें आक्रमक रवैया अपनाना पड़ा तो भी हम अपने प्रयास जारी रखेंगे।



### यह है पूरा मामला

आगरा से ग्वालियर आ रहे एक निजी विश्वविद्यालय के कुलपति की दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन में तबियत बिगड़ गई। इसी दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उसी ट्रेन में दिल्ली से राष्ट्रीय अधिवेशन में लौट रहे थे, जैसे ही उन्हें पता चला कि कुलपति की तबियत खराब हैं। अगला स्टेशन ग्वालियर आ गया था, तो छात्रों ने कुलपति को अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस देखी और फोन भी किया, परंतु एम्बुलेंस नहीं आयी, 20-25 मिनट रूकने के बाद कुलपति की तबियत को बिगड़ता देख छात्रों ने स्टेशन पर खड़ी न्यायाधीश की कार मांगी। लेकिन, ड्राइवर ने मना कर दिया। छात्रों ने किसी जान बचाना सर्वोपरि मानकर तुरंत कार की चाबी ड्राइवर से ले ली, और कुलपति को जयारोग्य अस्पताल पहुंचाया। लेकिन, कुलपति की मौत हो गई।

## कुएं में गिरने से बाघ की मौत



**छिंदवाड़ा।** पांढुरना के बिडचिचोली के जुनापानी के एक किसान के खेत में कुंए में अपनी जान बचाने की जद्दोजहद करता बाघ का वीडियो सामने आया है हालांकि रेस्क्यू के पूर्व बाघ की जान जा चुकी थी मिली जानकारी के अनुसार जूनापानी के किसान जब्बार खान अपने खेत मे पानी बगाने के लिए जैसे ही पंप चालू कर रहा था तभी उसने कुंए में देखा तो उसमे बाघ झटपटा रहा है। तत्काल फॉरेस्ट को इसकी सूचना दी गई । दरअसल जूनापानी मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र बॉर्डर पर है तो दोनो ही फॉरेस्ट टीम वहां पहुंची मगर जब तक बाघ की पानी में डूबने से मौत हो चुकी थी देर शाम बाघ के शव को बाहर निकल गया महाराष्ट्र फॉरेस्ट की टीम मामले की जांच कर रही है।

## ग्राम खेरघाट में श्रीमद हरिवंश पुराण ज्ञान भक्ति सत्संग का आयोजन



**चांद।** जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील चांद नगर के ग्राम खेरघाट में चल रही है श्रीमद् हरिवंश पुराण ज्ञान भक्ति सत्संग नव दिवसीय श्रीमद् हरिवंश पुराण कथा का आयोजन भव्य और व्यापक रूप से किया गया ग्राम खेरघाट हुआ धर्ममय में यह कथा 21 दिसंबर 2023 तक इस हरिवंश पुराण ज्ञान भक्ति सत्संग का आयोजन किया जाएगा इस श्रीमद् हरिवंश पुराण ज्ञान भक्ति सत्संग के मुख्य कथावाचक श्री श्री 1008 परम पूज्य महामंडलेश्वर संत कमलेश मुरारी कोणेश्वर धाम नर्मदा तक चित्रकूट के मुखारविंद से भक्ता रस का श्रवण कर श्रीमद् हरिवंश पुराण का रसपान कर रहे हैं परायण सुबह 5 से 10 बजे तक और कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 तक की जा रही है परायण कर्ता पंडित पूज्य संत बड़े सरकार की श्रीमद् भागवत एवं श्री राम कथा वाचन एवं पंडित पूज्य पंडित शिवम महाराज चित्रकूट पंडित पूज्य पंडित अतुल कृष्ण शास्त्री जी वृंदावन इस श्रीमद् हरबंस पुराण ज्ञान भक्ति सत्संग कथा के आयोजन करने वाले आयोजक श्री बाबूलाल सिंह रघुवंशी रामदयाल सिंह रघुवंशी, वीरेंद्र रघुवंशी, दिनेश रघुवंशी, नीरज रघुवंशी, रजन रघुवंशी एवं समस्त रघुवंशी परिवार श्रीमद् हरिवंश पुराण ज्ञान भक्ति सत्संग में भारी संख्या में लोग क्षेत्र से कथा का रसपान करने आ रहे हैं एवं समस्त ग्रामवासी भी इस कथा में प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं आप सभी सादर आमंत्रित हैं इस कथा का रसपान कर अपने जीवन में पुण्य लाभ अर्जित करें और अंतिम दिन पूर्ण आहुति पूजन हमारे विसर्जन में महाप्रसाद ग्रहण कर अपने पुण्य लाभ अर्जित करें।

## बिछुआ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बने पृथ्वीराज ठाकुर



बिछुआ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नव नियुक्त अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर का नगर कांग्रेस कमेटी बिछुआ के द्वारा फूल माला एंव मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, जिले के सांसद नकुल नाथ, जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, क्षेत्रीय विधायक सुजीत सिंह चौधरी, कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद राय का आभार व्यक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया साथ ही नव नियुक्त अध्यक्ष ने पत्रकारों से चर्चा में सभी को साथ लेकर एवं आदिवासी अंचल होने के कारण आदिवासी नेताओं को साथ में लेकर संगठन को मजबूत करने की बात कही। बधाई देने में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस महामंत्री इंद्रपाल पटेल ,नगर अध्यक्ष लेखराम मालवीय, वरिष्ठ नेता असलम खान, जिला महामंत्री युवक कांग्रेस सतीश डोंगरे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रिकुं पटेल, कामगार कांग्रेस बिपीन उईके, सेवादल अध्यक्ष गोविंद इनवाती ,क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, हसीब खान, राजा खान, सलीम कुरैशी, ईरशाद खान, अबरार खान, जयकरण मिनोटे, राजकुमार मरावी पार्षद, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहेस पटेल, द्वारपाल मालवीय, पंजाब राव मनमोड़े, महिला कांग्रेसअध्यक्ष श्रीमती ममता साहू, संगीता पवार, श्रीमती शर्मा मेडम, श्रीमति पलखनीया मेडम सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बालाजी फिश हाउस में हुई लगभग 80 हजार की चोरी




**छिंदवाड़ा।** परासिया रोड नोनिया कर्बल वार्ड नंबर 45 साई मंदिर के बाजू में स्थित बाला फिश हाउस में शनिवार और रविवार की दरमयन रात में अज्ञात चोरों ने शटर का तोड़कर नगद 22000 हजार 400 रु और वीडियो कैमरा लगभग 1 लाख 20 हजार एवं विदेशी पक्षियों को चुराकर ले गए दुकान संचालक राहुल साहू ने बताया कि लगभग 80 हजार रुपए की चोरी हुई है जिसकी शिकायत देहात थाने में की गई है पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

## परासिया विधायक के पुत्र आदित्य वाल्मिकी पर धारा 306 का प्रकरण दर्ज
### आज होगी गिरफ्तारी

**परासिया।** कांग्रेस के विधायक सोहन वाल्मिकी के पुत्र आदित्य वाल्मिकी की पत्नि मोनिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली एवं सुसाईट नोट छोड़ गई, मोनिका के मायके पक्ष ने मोनिका को पति द्वारा प्रताड़ित करने आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आदित्य वाल्मिकी पर धारा 306 का प्रकरण दर्ज कर लिया है, पुलिस ने अभी आदित्य को गरफ्तार नहीं किया है।



# यात्रा कितनी भी दूर की क्यों न हो, शुरुआत एक कदम से ही होती हैः उमाशंकर गुप्ता

## वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न गोविन्द चौरसिया वैश्य विभूति सम्मान से सम्मानित



छिंदवाड़ा। यात्रा कितनी भी दूर की क्यों न हो, शुरूआत एक कदम से ही होती है वैश्य बंधुओं को अपने व अपने परिवार एवं समाज को सुरक्षित, प्रगतिशील, समृद्धशाली बनाने के लिए एक कदम तो उठाना ही होगा। प्रत्येक सदस्य को स्वप्रेरणा से सक्रिय भूमिका निभानी होगी, तभी हम संगठन के मूल उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे। हमें मिलाकर सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए लगातार काम करना होगा। उक्त आशय के विचार वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशकर गुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा के आजीवन सदस्यो के सममेलन में संबोधित करते हुए आगे कहा को किसी भी संगठन का मूल और उसके सफलता का पैमाना उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या होती है, इसलिए हमें केवल सदस्य बनाकर शांत नहीं बैठना है बल्कि उन सदस्यों को संगठन के कार्यों में सक्रिय भी करना है। हमें सदस्यों को सक्रिय करने के साथ उनके सम्मान का भी ध्यान रखना भी जरूरी है। वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का जिला स्तरीय सम्मेलन होटल जेपी इन में आयोजित किया गया। प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जो नाविक तूफानों से जूझने का साहस रखता है वही किनारे पर पहुंचता ह , वैश्य महासम्मेलन का प्रत्येक सदस्य जिस दिन ये साहस अपने अंदर पैदा कर लेगा, दुनिया की कोई ताकत उसे शिखर पर पहुँचने से नहीं रोक सकेगी। संगठन को हम सभी को साथ मिलकर नई ऊँचाईयों पर पहुँचाना है और आगे बढ़ते रहना है। संभागीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि आज वैश्य महासम्मेलन पूरे संभाग में मजबूत संगठन के रूप में स्थापित हुआ है। ये हमारे वरिष्ठजनों के अथक परिश्रम, त्याग, समर्पण से ही हुआ है और प्रसन्नता है कि युवा इकाई, महिला इकाई इसी बात का अनुसरण करते हुए संगठन के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत् है। वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा के मीडिया प्रभारी विक्रम सोनी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता द्वारा छिंदवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया को वैश्य विभूति सम्मान से, पत्रकार एवं वर्तमान में जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट के सदस्य महेश चांडक को वैश्य गौरव सम्मान से, श्रीमती किरण सोनी को वैश्य रत्न से, शुभम साहू को वैश्य युवा प्रतिभा सम्मान से, डा पवन नेमा को वैश्य संजीवनी सम्मान से, दयानंद चौरसिया को वैश्य सेवा सम्मान से तथा कु. मौली अनिल नेमा, कुशल ऋषभ दूगड़, अभय प्रफुल्ल राठी, कु. छबि मनोज जैन कु. हर्षिता विकास अग्रवाल, कु. पीहू यशवंतसिंह कौरव, डॉ. संयुक्ता नरेश कुमार सोनी कु. जान्हवी संजय नत्थानी, अथर्व दीपक साहू, देवाशीष संदीप साहू, कु. आयुषी शैलेन्द्र जैन, कु. खुशी शैलेष जाखोटिया को वैश्य प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

### इन्होंने किया संबोधित

जिला इकाई प्रभारी प्रभुनारायण नेमा, जिलाध्यक्ष रमेश जाखोटिया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जे.पी. नेमा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज भारद्वाज, कोषाध्यक्ष प्रशांत सोनी, संभागीय अध्यक्ष महिला इकाई श्रीमती किरण सोनी, संभागीय प्रभारी महिला इकाई श्रीमती सुधा सोनी, जिला प्रभारी महिला इकाई श्रीमती सविता पाटनी, जिलाध्यक्ष महिला इकाई श्रीमती प्रतिमा नेमा, छिन्दवाड़ा संभागीय अध्यक्ष युवा इकाई विकास वात्सल्य, जिला प्रभारी युवा इकाई धर्मेन्द्र साहू , जिलाध्यक्ष युवा इकाई विशाल माहेश्वरी, कार्यक्रम का संचालन विकास वात्सल्य ने आभार आर के सोनी ने व्यक्त किया कार्यक्रम में भरत काबरा, अनिल सिंघई, श्रीनाथ अग्रवाल, राजेश नेमा, मनोहन चांडक, अरविंद नेमा, संतोष साहू, विजय सूर्यवंसी,एस एन नेमा,राजेन्द्र गांधी, नवीन जैन , सपना जैन , अरुण नेमा, गोपाल साहू, नीरज असाटी, ललित खुबेले , राजेन्द्र करमेले, डी एस उमरेथे, प्रदीप जैन,अरुण जैन, डालचंद चौरसिया कृपाशंकर सोनी, राजेश गुप्ता, हरिकुमार सिंग, कैलाश साहू, प्रवीण नेमा, राकेश जैन, उमाकांत नेमा रमेश राय, संतोष साहू, हरिशंकर साहू,विनोद मालानी, हरिकृष्ण पटेल, गोपाल साहू, महेंद्र जैन,कैलाश सोनी शेसकुमार जैन, इंदरचन्द डागा, मबगनी संजय राठी,श्रीमती सुधा जाखोटिया,मीनू जाखोटिया,नीलू राठी,रेणु चांडक, अनिता नेमा,शशि नेमा,रीना झांझरी,सुधा नेमा,कीर्ति राठी,सहित बहुत संख्या में उपस्थित थी।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशन एसोसिएशन ने मनाया पेंशनर डे



**छिंदवाड़ा -** पेंशनर डे का आयोजन वार्ड नं. 5 पार्षद सेवा सदन में किया गया । जिसकी अध्यक्षता पेंशनर एसोसिएशन के संरक्षक पंडित राम शर्मा द्वारा की गई, जिले के एसोसिएशन के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि आज के कार्यक्रम में प्रवक्ता शरद नामदेव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयरंजन राजपूत, बी.एन. विश्वकर्मा, वरिष्ठ पेंशनर शरद दुबे, जी, एल. साहू, जागेश्वर डोमने, सचिव वकील अहमद, नादिर सिद्धीकी, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर बोरीकर, लखेरा जी ने पेंशनर डे महत्व एवं दिनांक 17.12.82 से पेंशनर डे मनाने का औचित्य एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पेशंनरों के हित में आदेश जारी किया, इसी के तहत् प्रतिवर्ष पेंशनर डे का आयोजन किया जाता है । इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनरों एन.एल. यादव, शरद दुबे, मोहम्मद इसराईल, नत्थू चॉदेकर, विजय राम कोल्हे, सैंयालाल इवनाती, नर्मदा प्रसाद लखेरा, राजबिहारी शर्मा, बी.एल. यादव का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया । इस अवसर पर एस.एल. पवार, एस.के. श्रीवास्तव, बी.ए. खान, जी.एल. पवार, बी.आर. कुसराम, आर.के. साखरे, मुरारी धुर्वे, जब्बार मंसूरी, बी.एल. सदाफल, शिवनंदन खुदरेजिया, आर.एस. ठाकुर, एस.के. सोनी, सुखदयाल पवार, बालकराम पवार, शेख वहीद अंसारी, राजबिहारी शर्मा, पी.एल. नागलकर, टी.एल. भलावी, नफीस अहमद, के.बी. खंगारे, अर्जुन सिंह ठाकुर, नंदकिशोर शर्मा, रमेश कुमार सूर्यवंशी, टेकचंद मेहरोलिया, एन.आर. शिवहरे, एम.पी. कुरैशी, राधेश्याम वर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष भारती टेकाड़े आदि पेंशनर्स भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## अस्पताल की असुविधाओं को लेकर बीएमओ से किये सवाल जवाब

**परासिया।** जनपद पंचायत परासिया से प्रारंभ हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल क्रियान्वयन को लेकर जनपद पंचायत सभागृह में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत सदस्य कमलेश उइके और अरुण यदुवंशी ने अधिकारियों से कहा की भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से ग्रामीण जनता तक पहुंचाने , के लिए कार्य करने की जरूरत है। भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया ने 100 बिस्तर के अस्पताल की असुविधाओं को लेकर बीएमओ से सवाल जवाब किये। बीएमओ, प्रमोद वाचक ने सिविल अस्पताल में सुविधा बढ़ाने की बात कही । श्रीमती डेहरिया ने कहा कि भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम, ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहें। अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पेंद्र निगम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा 17 दिसंबर से 20 जनवरी तक जनपद पंचायत की सभी 91 ग्राम पंचायत में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी के माध्यम से 1 दिन में 2 ग्राम पंचायत में पहुंचेगी।

## पिता की कमान पुत्र को
## जय सक्सेना बने शहर कांग्रेस के अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा।** कमलनाथ व नकुलनाथ की अनुशंसा पर पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना के पुत्र जय सक्सेना को शहर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। कमलनाथ अब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नहीं रहे है, उन्होने जिला कांग्रेस में कई पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं उमंग सिंगार को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के बाद वे अब कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा के मात्र विधायक रह गये है।

बताया जाता है कि बदली हुई परिस्थिती में आने वाले लोकसभा चुनाव में कमलनाथ चुनाव लड़ेंगे और विधायक पुत्र नकुलनाथ को बनायेंगे। 2024 में मोदी को आने से कोई रोक नहीं सकता, इसीलिए जनता का मन बदल रहा है कि जब मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाना है तो कांग्रेस को वोट क्यों देवे। कमलनाथ लोकसभा लड़ते है तो उनके लिए काफी जोखिम भरा होगा क्योकि अब जनता का मन बदल रहा है।

### दीपों से जगमगाया मंदिर...
## नाग दिवाली पर शिव-गजानन मंदिर हुआ भव्य आयोजन



**छिंदवाड़ा।** संत गजानन गुणगान मंडल विवेकानंद कॉलोनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नाग दीपावली के अवसर पर भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। संत गजानन गुणगान मंडल के संचालक आनंद बक्षी ने बताया कि प्रातः 8 बजे आचार्य किशोर तातेकर, पंडित नारायण दूवेदी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से देवी देवताओं काअभिषेक मुकुंद पवनिकर, रजनीकांत बाजपेयी, सुभाष समार्थ, विजय जोशी, शरद जामठे के हस्ते अभिषेक सम्पन्न हुआ।सायं 4 बजे गजानन गुणगान मंडल के सचिव संजय औरंगाबादकर तथा श्याम महोरे द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई।सायं होते ही वंश वृद्धि की कामना एवं संतान की सुख सम्रद्धि हेतु महिलाओं द्वारा संपूर्ण मंदिर में दीपक लगाकर संपूर्ण मंदिर को दीपों से जगमग कर दिया। रात्रि 8 बजे से सैकड़ो भक्तो ने महाप्रसाद ग्रहण किया।गजानन गुणगान मंडल के कृष्णा मंगरुलकर, सुधीर साइखेड़कर, प्रदीप मुले, स्मृति मगरे, विजया धोटे, वीणा चेड़गे, नंदा सुपारे एवं ऋषिका पाठक ने सभी धर्म प्रेमियों के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

## सिद्धचक्र विधान की खुशी में हो रहे घर घर मंगलगान
### 25 दिसंबर से प्रारंभ होगा आठ दिवसीय महामहोत्सव




**छिंदवाड़ा।** तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष पर मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री वीतराग भवन में मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं बाबाजी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में विविध अनुष्ठानों के साथ 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसकी जोरदार तैयारी प्रारंभ है।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया की मंगल महोत्सव की खुशी में गांधी गंज स्थित सुरेंद्रकुमार पीयूष जैन पंकज परिवार के निवास पर आध्यात्मिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे ब्रह्मचारणी बहनों सहित सकल जैन समाज के श्रावक - श्राविकाओं ने देव - शास्त्र - गुरु भगवंतों को समर्पित आध्यात्मिक भजनों के माध्यम से जिनशासन की मंगल प्रभावना कर महोत्सव की खुशियां मनाई।इस अवसर पर विधान के सौभाग्यशाली परिवारों में श्रीमती सुनीता गोविंद्रप्रसाद जैन एवं पंचपरमागम विराजमानकर्ता श्रीमती रचना राजेश जैन सहित श्रीमती अनुप्रेक्षा सनिल जैन का अभिनंदन किया गया।

### ये होंगे विशेष आयोजन

आठ दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन पूजन विधान एवं राष्ट्रीय विद्धतगणों के मंगल प्रवचनों के साथ श्री जिनेन्द्र भक्ति एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के साथ प्रियकारणी मंडल द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 26 दिसंबर को दिल्ली से पधार रहे युवा विद्वान संजीव जैन की आध्यात्मिक भजन संध्या एवं 27 दिसंबर को जयपुर से पधार रहे अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एस.पी. भारिल्ल द्वारा तुम दुखी हो ही नही सकते पर विशेष सेमिनार सभा का आयोजन किया जावेगा साथ ही 31 दिसंबर की रात्रि नूतन वर्ष अभिनंदन श्री जिनेन्द्र चरणों में शत शत वंदन भक्ति संध्या का भव्य आयोजन होगा।

## रोटरी क्लब दन्त शिविर में 72 रोगियों की नि:शुल्क जांच




**परासिया।** रोटरी क्लब पेंच एरिया परासिया, रोट्रैक्ट क्लब और डॉ. बग्गा एडवांस्ड डेंटल केयर एंड मैनेजमेंट सेंटर - छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान मेंस्टेशन रोड ,परासिया स्थित डॉ.बग्गा क्लिनिक में विशाल नि:शुल्क दंत एवं मुख रोग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में छिन्दवाड़ा ज़िले के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नेश बग्गा , डॉ. श्रीमती संगीता बग्गा , डॉ.श्रीमती सोनिया खंडूजा ,डॉ. वैभव जयसवाल, डॉ. रोहित यादव ने अपनी विशेष सेवाएँ प्रदान की । उक्त शिविर में 72 दाँत के रोगियों की नि:शुल्क जाँच कर उचित निदान प्रदान किया गया। 10 मरीज़ों के दाँतों की नि:शुल्क सफाई की गई और 15 मरीजों के दांत निकाले गये। उपलब्ध दवाइयाँ नि:शुल्क प्रदान की गयीं । रोटरी क्लब अध्यक्षा श्रीमती अमिता सौरभ खंडेलवाल ने आभार माना।

## ओरियंटल नर्सिंग कॉलेज अमरवाड़ा में सीबीआई जाँच




**अमरवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में संचालित नर्सिंग कॉलेज की हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच चल रही है विगत दिनों छिंदवाड़ा के एस ए के कॉलेज में सीबीआई की टीम पहुंची थी इसी क्रम में आज अमरवाड़ा में संचालित ओरिएंटल नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई की टीम जांच कर रही है टीम से जुड़े लोगों ने मीडिया को अभी फिलहाल जानकारी देने से इनकार किया है गौरतलाब है कि मध्य प्रदेश नर्सिंग घोटाले से लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। कोरोना काल में अधिकारियों की मिलीभगत से प्रदेश में नियमों को पूरा नहीं करने वाले कॉलेजों को भी मान्यता दे दी गई थी। इन कॉलेजों के पास न तो पर्याप्त जमीन थी और न ही अस्पताल और न ही कॉलेज की मान्यता हेतु जरुरी संसाधन है इसके अलावा भी और भी कई गड़बड़ियां हुई है अब इसकी जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने कोर्ट से कॉलेजों की जांच के लिए तीन माह का समय मांगा है इसी क्रम में पुरे प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज की सीबीआई जाँच कर रही है ।सीबीआई की स्पेशल टीम छिंदवाड़ा जिलें में गत तीन चार दिनों से लगातार जिले के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजो की हर एंगल से जाँच कर रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज अमरवाड़ा के ओरियंटल नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई की टीम पहुंची है जांच पड़ताल अभी फिलहाल चल रही है।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग की मांग खारिज

हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की परीक्षा परिणाम जारी करने और नए एडमिशन के लिए पोर्टल खोलने की मांग खारिज कर दी। सभी कॉलेजों की सीबीआई जांच के बाद ही कोर्ट की तरफ से राहत दी जा सकती है। अभी तक इस मामले में सीबीआई की रिपोर्ट में कॉलेजों में गड़बड़ी मिल रही है । वहीं, जांच में कुछ सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में भी पर्याप्त फैकल्टी और अन्य गड़बड़ियां मिली हैं।

### हंजारो छात्र हो रहे है परेशान

जांच पूरी होने तक ना तो बच्चों की परीक्षाएं आयोजित होंगी और ना ही परीक्षाओं के रिजल्ट जारी किए जा सकेंगे। वहीं, नए सत्र के लिए प्रवेश भी नहीं हो सकेंगे। प्रवेश के लिए नए साल का इंतजार करना होगा नर्सिंग घोटाले के चलते प्रदेश के लगभग 25 हजार छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम अटका हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ 2023-24 सत्र में एडमिशन प्रक्रिया शुरू ही नहीं हुई है। वहीं, यदि सरकार नर्सिंग कॉलेजों के सत्र को शून्य करती है तो इसका असर सरकारी नर्सिंग कॉलेजों पर भी होगा।

## 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है




**छिंदवाड़ा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चल रही है। कल ही देश के पांच राज्य मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम में प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन से प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया तथा जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने विकास रथ को हरी झण्डी देकर रवाना किया। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रामगढ़ी तथा पखड़िया पहुंचे इस अवसर पर साहू ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनाना है इसलिए हमें इसकी तैयारी आज से ही प्रारंभ करनी होगी। आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी दुनिया में सर्वाधिक है। आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। पहले देश की गिनती गरीब देश के रूप में होती थी। बिजली, सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं देश में उपलब्ध नहीं थी परंतु मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही देश के 2000 गांव को अंधेरा मुक्त किया गया तथा सोलर तथा नाभीकिय उर्जा को भी बढ़ावा दिया गया । देश में प्रतिवर्ष लाखों कि.मी. सड़क, नेशनल हाइवे का काम हो रहा है । रेलवे सुविधा में नेरोगेज एवं मीटरगेज रेलवे पटरियों को ब्राडगेज में परिवर्तित किया जा रहा है तथा वंदेमातरम जैसी तीव्रगति से चलने वाली ट्रेने चलाई जा रही है। इस अवसर पर चन्द्रपाल पटेल, सीताराम पटेल, मुकेश पटेल, सरपंच राकेश उइके, उज्वल पटेल, अमित रघुवंशी, आकाश लोमटे, दीना उइके, रामकरण धुर्वे, पूर्व सरपंच महेश धुर्वे, रामशा चन्द्रवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा हितग्राहियों को चैक, आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए साथ ही विद्युत मोटर तथा पाईप लाईन की सहायता राशि प्रदान की गई तथा आवासीय पट्टा तथा खाद्यान्न पर्ची, उज्वला गैस योजना, किसान सम्मान निधि के तहत आए आवेदन का निराकरण शीघ्रातिशीघ्र किए जाने की कार्यवाही की गई ।

## विधानसभा की झलकियां तस्वीरों में
























# राहुल ने पटवारी से कहा- पीसीसी चीफ बन रहे हो

## सुबह कॉल आई, रात में नियुक्ति पत्र जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए हैं। पटवारी को खुद राहुल गांधी ने शनिवार सुबह 10 बजे फोन करके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी दी थी। नियुक्ति पत्र रात 8 बजे जारी हुआ।



राजनीतिक जानकारों के मुताबिक जीतू को राहुल गांधी का करीबी, आक्रामक छवि, युवा और किसान नेता होने का फायदा मिला है। हालांकि वे इस बार के विधानसभा चुनाव में राऊ सीट से हार गए थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष जमुना देवी के भतीजे गंधवानी विधायक उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है, जबकि हेमंत कटारे उप नेता बनाए गए हैं। जीतू अन्य पिछड़ा वर्ग, उमंग आदिवासी और हेमंत ब्राह्मण वर्ग से आते हैं।

सूत्रों ने बताया कि दो दिन पहले से ही इस बदलाव की कवायद शुरू हो गई थी। कांग्रेस हाईकमान ने जातीय समीकरण देखते हुए ये फैसला लिया है। प्रदेश कांग्रेस के दोनों बड़े पद मालवा-निमाड़ के नेताओं को दिए गए हैं। इसी रीजन में विधानसभा की 66 सीटें आती हैं। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव के मुकाबले 2023 में यहां बहुत खराब प्रदर्शन किया है।

### जीतू बोले- छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी मिली

नई जिम्मेदारी मिलने पर जीतू पटवारी ने राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- मध्यप्रदेश के कांग्रेस नेताओं और युवाओं के सहयोग से ही मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आने वाले समय में कांग्रेस के विचार को कैसे सामूहिक नेतृत्व के साथ घर-घर पहुंचाना है, मैं इस भावना को जानता हूं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की परफॉर्मेंस अच्छी रहे, यह हमारे सामने बड़ी चुनौती है। इसका एहसास मेरे साथ कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को है।




स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन द्वारा प्रतिवर्षानुसार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न संभागों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे।

# दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी ने शपथ के पूर्व किया विकास कार्य का भूमि पूजन

**भोपाल।** दक्षिण पश्चिम विधानसभा के नवनियुक्त विधायक भगवान दास सबनानी ने विधानसभा में शपथ के पूर्व वार्ड 31 में प्रात 10:30 बजे रोड डामरीकरण का भूमि पूजन कर विकास कार्य का शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दक्षिण पश्चिम विधानसभा को विकसित विधानसभा बनाया जाएगा देश में मोदी जी की सरकार प्रदेश में मोहन यादव जी के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एवं भोपाल में भी भारतीय जनता पार्टी के महापौर होने के कारण यह ट्रिपल इंजन की सरकार हो गई है और यहां विकास की गंगा पुरजोर तरीके से भागी सभी कार्य प्राथमिकता से शीघ्र करने का प्रयास किया जाएगा भूमि पूजन कार्यक्रम में बाढ़ 31 की पार्षद श्रीमती बृजला सचान संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के नेता चंद्रशेखर तिवारी मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल पूर्व पार्षद संध्या जाट मंडल महामंत्री सोनू पालीवाल संतोष बर्मन आदि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भोपाल के अस्पतालों में रोज पहुंच रहे 1000 मरीज

**भोपाल।** भोपाल के अस्पतालों में 1000 मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। आमतौर पर 2-3 दिनों में वायरल ठीक हो जाता है, लेकिन इसके ठीक होने में सप्ताह भर से अधिक का समय लग रहा है।

डॉक्टर्स की मानें तो अगर आपको खांसी हो रही है और रुक नहीं रही, सांफ फूलना भी बढ़ रहा है तो तुरंत ही डॉक्टर को दिखाएं यह अपर रेस्पिरेटरी की बजाय निमोनिया भी हो सकता है। भोपाल के अस्पतालों में रोजाना 1000 हजार से अधिक मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

वायरल बुखार आमतौर पर साधारण बुखार की तरह ही होता है। डॉक्टर्स के अनुसार शरीर में तेज दर्द, गले में खराश और दर्द, त्वचा पर हल्के धब्बे पड़ना, मांसपेशियों और



जोड़ों में दर्द, कमजोरी महसूस होना, सिर दर्द होने के साथ तेज बुखार, खांसी की शिकायत सहित अन्य लक्षण वायरल बुखार से जुड़े हैं।

एम्स भोपाल के मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रजनीश जोशी ने बताया कि दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह में मौसम बदलता है। इसके साथ कुछ संक्रमित रोगों का प्रभाव बढ़ जाता है। इसमें खांसी जुकाम और हल्का बुखार होना शामिल है।

बीमारियों की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतना जरूरी है, इसके लिए खास तौर पर यह ध्यान रखें कि ठीक से हाथ धोएं। घर में किसी भी व्यक्ति को खांसी सर्दी और जुकाम है वह व्यक्ति और अधिक बार धोए, ताकि संक्रमण को रोका जा सकता है।



# भोपाल में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में कड़ाके की ठंड

**भोपाल।** भोपाल में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में कड़ाके की ठंड का ट्रेंड है। पिछले 10 में से 8 साल रात का टेम्प्रेचर 9 डिग्री के नीचे रहा। इस बार भी ऐसी ही ठंड गिरने का अनुमान है। हालांकि, दिसंबर के पहले पखवाड़े में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री के नीचे नहीं आया है। इधर, रविवार को दिन के तापमान में 3.6 डिग्री की गिरावट हुई और पारा 24.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा।

मौसम केंद्र के अनुसार 22-23 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस ( पश्चिमी विक्षोप ) का असर रहेगा। इस कारण दिन में तापमान गिर सकता है, जबकि रात में एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, 25 दिसंबर के बाद फिर से ठंड बढ़ जाएगी।

पिछले 10 साल में जहां रातें ठंडी रही। वहीं, दिन में टेम्प्रेचर भी बढ़ा हुआ रहा। साल 2020 में 7 दिसंबर को तापमान 32.6 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं, 10 में से पांच साल दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री से ज्यादा ही रहा। इस साल एक बार भी तापमान 30 डिग्री के पार नहीं रहा। 3 दिसंबर को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रहा था। वहीं, एक बार अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री पर भी आ चुका है। आने वाले दिनों में दिन में सर्दी बढ़ेगी, जबकि रात में पारे में मामूली बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

### तीन से चार दिन ठंड रहेगी

वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी होने से पहले राजधानी में ठंड का असर रहेगा। दिन में ठिठुरन बनी रहेगी तो रात में भी पारे में गिरावट हो सकती है। अभी तापमान 11 से 13 डिग्री के बीच चल रहा है। शनिवार-रविवार की रात में तापमान पारा 12.8 डिग्री तक पहुंच गया। 22-23 दिसंबर को हल्की बारिश हो सकती है।